कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 339, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 04 जनवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### राहुल ने सत्य का कवच पहन रखा है, जिस वजह से भगवान उनकी ठंड और दूसरी सभी चीजों से सुरक्षा करेंगे: प्रियंका



## 'राहुल सत्य पथ से डिगेंगे नहीं'

**नई दिल्ली:** कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' नौ दिनों के विश्राम के बाद उत्तर प्रदेश में दाखिल हुई। इस दौरान गाजियाबाद में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने राहुल गांधी का स्वागत किया। इस दौरान मंच पर राहुल-प्रियंका कुछ अलग ही अंदाज में नजर आए। दोनों भाई-बहनों के प्यार और नटखट शरारतों को जिसने भी देखा, अपनी मुस्कान नहीं रोक पाया। ऐसा ही एक वीडियो कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल के जरिए शेयर किया है। वीडियो में राहुल-प्रियंका मंच पर एकसाथ बैठे हैं। इस दौरान राहुल अपनी बहन को परेशान करते हुए दिखाई दिए। इसके बाद उन्होंने प्रियंका का माथा चूमा और उनसे बातें करने लगे। इससे पहले राहुल गांधी का स्वागत करते हुए कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने कहा कि राहुल ने सत्य का कवच पहन रखा है, जिस वजह से भगवान उनकी ठंड और दूसरी सभी चीजों से सुरक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को कोई खरीद नहीं सकता। वह सच्चाई से पीछे हटने वाले नहीं हैं।

**मेरे बड़े भाई, सबसे ज्यादा गर्व तुम पर है:** कांग्रेस की उत्तर प्रदेश मामलों की प्रभारी प्रियंका गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे जगह-जगह मोहब्बत की दुकान की फ्रेंचाइजी खोलें। उन्होंने राहुल गांधी की तरफ मुखातिब होते हुए कहा कि मेरे बड़े भाई, सबसे ज्यादा गर्व तुम पर है। सत्ता की ओर से पूरा जोर लगाया गया, सरकार ने हजारों करोड़ रुपये खर्च किए, ताकि इनकी छवि खराब की जा सके, लेकिन वह सच्चाई से पीछे नहीं हटे। एजेंसियां लगाई गईं, लेकिन वह डरे नहीं। वह योद्धा हैं।

**उद्योगपतियों को भी घेरा:** प्रियंका गांधी ने दावा किया कि कुछ उद्योगपतियों ने देश के बड़े से बड़े नेता खरीद लिए, पीएसयू खरीद लिए, मीडिया खरीद



लिया, लेकिन मेरे भाई को खरीद नहीं पाए और कभी खरीद भी नहीं सकते। यात्रा में कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी, शक्ति सिंह गोहिल, जयप्रकाश अग्रवाल, गौरव गोगोई, चौधरी अनिल कुमार, अराधना मिश्रा और पार्टी के कई अन्य नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

**यूपी में 3 दिन में 130 किमी चलेंगे राहुल**

यूपी में यात्रा शुरू करने से पहले राहुल ने दिल्ली में मरघट वाले हनुमान जी के दर्शन किए। इस दौरान पुजारी ने उनको गदा भी दी। राहुल की गदा उठाए हुए एक फोटो सामने आई है। भारत जोड़ो यात्रा 9 दिन के ब्रेक के बाद मंगलवार को शुरू हुई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी यूपी में 3 दिन में करीब 130 किलोमीटर पैदल चलने वाले हैं। इस दौरान यूपी के तीन जिलों गाजियाबाद, बागपत और शामली से यात्रा गुजरेगी। यह 11 विधानसभाओं को कवर करेगी।

**बीजेपी सरकार नफरत की आंधी: राशिद अल्वी**

पूर्व मंत्री राशिद अल्वी भी यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा, "किस-किस तकलीफ का जिक्र किया जाए। पिछले 8 सालों में देश की तकदीर बदल दी।

## 21वीं सदी की दुनिया में भारत का रोल अहम: जयशंकर

**नई दिल्ली:** भारत के डोमेस्टिक मार्केट ने देश को वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल से बचाने में मदद की है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक इंटरव्यू में कहा था- वो दौर गुजर चुका है जब दुनिया हमारे बारे में बताती थी और हम उससे इजाजत लेते थे। भारत हमेशा ही एक ऐसी दुनिया के पक्ष में रहा है, जहां देश अपनी पॉलिसी, इंटरेस्ट और प्रायोरिटीज चुन सकें। रूस-यूक्रेन जंग को लेकर भारत का नजरिया भी कुछ ऐसा ही है। 24 फरवरी को शुरू हुई इस जंग पर भारत का स्टैंड हमेशा न्यूट्रल रहा। भारत ने यूनाइटेड नेशन्स में भी रूसी हमले के खिलाफ बोलने के अमेरिकी और यूरोपीय दबाव को खारिज किया। इतना ही नहीं, इसके बाद रूस को अपना सबसे बड़ा ऑयल सप्लायर बनाया।



दरअसल, यह पश्चिम को एक तरह से आईना दिखाना था। भारत ने अपने ऊपर उठने वाले हर सवाल का जवाब बुलंद अंदाज में दिया। हालांकि, जयशंकर का कहना कि वो एक रूल-बेस्ड वर्ल्ड देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा था- मैं अभी एक नियम-आधारित दुनिया देखना चाहता हूं। लेकिन जब लोग नियम-आधारित दुनिया के नाम पर आपको दबाने, आपके हितों से समझौता करने पर मजबूर कर देते हैं तब मुकाबला करना जरूरी हो जाता है। दूसरे शब्दों में समझें तो 140 करोड़ जनसंख्या वाले भारत को बहुत ऑयल की जरूरत है, ये जरूरत रूस से पूरी हो रही है। रूस सस्ते दाम में ऑयल सप्लाई कर रहा है। भारत की इस जरूरत के साथ समझौता नहीं किया जा सकता। इसलिए भारत समय-समय पर भारत-रूस संबंधों पर सवाल उठाने वाले पश्चिमी और यूरोपीय देशों को फटकार लगा देता है। इसलिए जयशंकर ने साफ कहा- यूरोप की समस्या, दुनिया की समस्या है, लेकिन दुनिया की समस्या, यूरोप की समस्या नहीं है, वाली मानसिकता छोड़ देनी चाहिए। पश्चिमी देशों ने यूक्रेन पर हमले के बाद रूस पर कई प्रतिबंध लगाए। इसके चलते एनर्जी, फूड, फ्यूल और फर्टिलाइजर महंगे होते चले गए और गरीब देशों का आर्थिक संकट गहरा गया।

## यूपी: सरकारी भवनों में अब रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सभी सरकारी इमारतों पर अब रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य होगा। सरकारी भवन हो या प्राइवेट अस्पताल, इंजीनियरिंग कॉलेजों में भी बूंद-बूंद पानी बचाने के लिए वर्षा जल संचयन के संयंत्र लगाए जाएंगे। गोमतीनगर स्थित नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के कार्यालय में इस तरह के निर्देश जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को दिये। जल शक्ति मंत्री यहां भूगर्भ जल विभाग की योजनाओं की समीक्षा करने पहुंचे थे। जल शक्ति मंत्री ने



विभाग के अधिकारियों को सख्ती से सभी सरकारी भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने और इसका पालन अनिवार्य रूप से कराए जाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिलों पर दौरे के दौरान वह सरकारी भवनों की पड़ताल भी करेंगे। अगर उनको सरकारी भवनों पर वर्षा जल संचयन के संयंत्र नहीं मिले तो कार्रवाई भी करेंगे।

## रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी भारत जोड़ो यात्रा का करेंगे स्वागत

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' का स्वागत करेंगे। उन्होंने यात्रा के यूपी में प्रवेश करने पर राहुल गांधी को शुभकामनाएं दी हैं। जयंत चौधरी ने ट्वीट कर कहा कि 'तप कर ही धरती से बनी ईंटें छू लेती हैं आकाश! भारत जोड़ो यात्रा के तपस्वियों को सलाम! देश के संस्कार के साथ जुड़ कर उत्तर प्रदेश में भी चल रहा ये अभियान सार्थक हो और एक सूत्र में लोगों को जोड़ते रहे!' रालोद अध्यक्ष ने भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत ।

## उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का गठन जल्द: सीएम योगी

### एक ही आयोग से होगा बेसिक, माध्यमिक, उच्च एवं तकनीकी शैक्षिक संस्थानों में शिक्षकों का चयन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश में शैक्षिक संस्थानों में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए कहा कि शिक्षकों के समयबद्ध चयन के लिए सरकार गंभीर है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का जल्द गठन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में एक ही आयोग से बेसिक, माध्यमिक, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के कॉलेजों में शिक्षकों का चयन होगा। यही आयोग टीईटी की परीक्षा भी कराएगा। मुख्यमंत्री ने एकीकृत आयोग के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग' के गठन के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि विगत पांच-साढ़े पांच वर्ष की अवधि में प्रदेश में संचालित विभिन्न चयन आयोगों की कार्यप्रणाली में शासन स्तर से अनावश्यक हस्तक्षेप न होने से आयोगों की




कार्यप्रणाली में शुचिता और पारदर्शिता आई है। मेरिट के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन हो रहा है। प्रदेश में आये इस बदलाव का सीधा लाभ युवाओं को मिल रहा है। प्रदेश के बेसिक, माध्यमिक, उच्च एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों में योग्य शिक्षकों के चयन के लिए अलग-अलग प्राधिकारी, बोर्ड एवं आयोग संचालित हैं। परीक्षा नियामक प्राधिकारी, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग और उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के अलावा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भी चयन की व्यवस्था लागू है। नीतिगत सुधारों के क्रम में भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए शिक्षक चयन आयोगों को एकीकृत स्वरूप दिया जाना उचित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक चयन अयोगों को एकीकृत स्वरूप देते हुए निगमित निकाय के रूप में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का गठन किया जाना चाहिए। शिक्षकों के समयबद्ध चयन, मानव संसाधन का बेहतर उपयोग और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने में आयोग उपयोगी सिद्ध होगा।

## राजौरी में मारे गए हिंदुओं का हुआ अंतिम संस्कार



**श्रीनगर:** जम्मू के डांगरी गांव में मंगलवार सुबह दो दिनों में आतंकी हमलों में मारे गए लोगों को अंतिम संस्कार हुआ। इस दौरान बड़ी तादाद में लोग डांगरी पहुंचे। 6 लोगों की मौत के बाद लोगों की आंखें नम और उनमें पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा था। डांगरी के सरपंच धीरज शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में एक ग्राम रक्षा समिति थी, लेकिन पुलिस ने 60 साल से ज्यादा उम्र के लोगों से हथियार ले लिए थे। उन हथियारों को फिर से अलॉट भी नहीं किया गया। अगर लोगों के पास हथियार होते तो वे रविवार को आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देते। धीरज शर्मा का कहना था कि पाकिस्तान अपनी करतूतों से बाज नहीं आने वाला है। ऐसे में अब लोग अपनी सुरक्षा के लिए हथियार उठाने को तैयार हैं।

**घुसपैठ के लिए राजौरी को निशाना बना रहे आतंकी:** एक खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी आतंकवादी भारत में घुसपैठ के लिए राजौरी सेक्टर में एलओसी पर फॉरवर्ड डिफेंस लोकेशन को निशाना बना रहे हैं। राजौरी सेक्टर के पास पाकिस्तान की तरफ चार लॉन्चिंग पैड हैं। लगभग 25-30 आतंकवादी कोटली, लंजोटे, निकल और खुइरेटा में इन लॉन्चिंग पैड्स का उपयोग करके भारत में घुसपैठ करने की योजना बना रहे हैं।

**लोगों में आतंकियों के खिलाफ गुस्सा:** पाकिस्तान की नफरत फैलाने की साजिशें नाकाम होंगी। हाईवे पर बैठे लोगों में आतंकियों से दहशत नहीं... गुस्सा ज्यादा था। लोगों में जिला प्रशासन और पुलिस के खिलाफ भी रोष था। उनका आरोप था कि पूरे इलाके में तलाशी अभियान न चलाने की वजह से सोमवार को धमाका हुआ।

## सिनेमा हॉल में महंगे फूड पर रोक नहीं

**नई दिल्ली:** सिनेमा हॉल मालिक हॉल के अंदर खाने-पीने की चीजों की बिक्री के नियम तय करने के लिए पूरी तरह हकदार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को यह बात कही। सीजेआई ने कहा, 'सिनेमा देखने वालों के पास इन आइटम को न खरीदने का विकल्प है। कोर्ट ने ये भी दोहराया कि सिनेमाघरों को बिना किसी शुल्क के पेयजल उपलब्ध कराना जारी रखना होगा।

**जम्मू और कश्मीर हाईकोर्ट का फैसला रद्द:** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू और कश्मीर हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें मल्टीप्लेक्स और मूवी थिएटरों में लोगों को खुद का खाने-पीने का सामान ले जाने की अनुमति दी गई थी। कोर्ट थिएटर मालिकों और मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से हाईकोर्ट के 2018 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका के एक बैच पर सुनवाई कर रहा था।

**सिनेमा हॉल प्राइवेट प्रॉपर्टी:** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच ने याचिका पर सुनवाई की।

### मेला क्षेत्र को पॉलिथीन मुक्त करने एवं साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था के निर्देश

## यूपी: मुख्य सचिव ने किया माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा

**प्रयागराज।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र एवं पुलिस महानिदेशक डी.एस चौहान ने मंगलवार को मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में माघ मेला को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को माघ मेला को सकुशल, सुरक्षित एवं स्वच्छ ढंग से सम्पन्न कराये जाने का निर्देश दिया है। कहा कि तैयारियों एवं व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं, स्नानाथिंयों एवं



कल्पवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित रहे। मुख्य सचिव ने पीडब्लूडी के कार्यों की समीक्षा करते हुए मेला क्षेत्र में चकर्ड प्लेटों से बनायी गयी सड़कों का नियमित रूप से अनुश्रवण करते रहने के लिए कहा, जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये। जल निगम द्वारा कराये गये कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्य सचिव ने जल निगम को 24 घण्टे अनुश्रवण हेतु टीम बनाकर सक्रिय किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने गंगा प्रदूषण नियंत्रण ईकाई को निर्देशित करते हुए कहा है कि गंगा जी एवं यमुना जी में बिना शोधन किए हुए कोई भी पानी न जाने पाये। विद्युत विभाग की समीक्षा में कहा कि मेला क्षेत्र में विद्युत लोड बढ़ने पर लाइट ट्रिपिंग की समस्या नहीं आनी चाहिए, इसकी व्यवस्था कर लें। उन्होंने विद्युत विभाग को मेला क्षेत्र में अच्छी क्वॉलिटी की एमसीवी लगाये जाने के लिए कहा है।

### अरुणाचल प्रदेश में सियोम ब्रिज और 27 अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं

## युद्ध थोपा गया, तो हम हम लड़ने के लिए तैयार: राजनाथ

**नई दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन को ललकारते हुए आज कहा कि भारत युद्ध में विश्वास नहीं करता लेकिन अगर मजबूर किया गया तो हम लड़ने के लिए तैयार हैं। तवांग क्षेत्र में भारत-चीन सैनिकों के बीच झड़प के बाद पूर्वोत्तर की पहली यात्रा पर पहुंचे रक्षा मंत्री ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश में सियोम ब्रिज और 27 अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। यह सभी परियोजनाएं सात सीमावर्ती राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में 724 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गई हैं। उन्होंने लद्दाख और मिजोरम में तीन वीसैट-आधारित टेलीमेडिसिन नोड्स का भी उद्घाटन किया




गया। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं रक्षा तैयारियों राशन, सैन्य उपकरण और अन्य सहायता प्रदान करने में अत्यधिक मदद प्रदान करेंगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए मजबूत और आत्मनिर्भर 'नए भारत' का निर्माण करना जरूरी है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने उस संकल्प की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित किया, जब उन्होंने कहा कि 'यह युद्ध का युग नहीं है।' भारत हमेशा युद्ध के खिलाफ रहा है, क्योंकि हम 'वसुधैव कुटुम्बकम' में विश्वास करते हैं। हम युद्ध में विश्वास नहीं रखते लेकिन अगर हम पर युद्ध थोपा गया तो हम लड़ेंगे। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि राष्ट्र की सीमाएं सभी खतरों से सुरक्षित रहें। रक्षा मंत्री ने आज जिन 28 परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें लद्दाख में आठ, अरुणाचल प्रदेश में पांच, जम्मू-कश्मीर में चार, सिक्किम, पंजाब और उत्तराखंड में तीन-तीन और राजस्थान में दो हैं।

## साइंस के क्षेत्र में भारत तेजी से टॉप देशों में शामिल: मोदी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 108वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस का वर्चुअली उद्घाटन किया। इसी के साथ राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय में भारतीय विज्ञान कांग्रेस का आगाज हो गया। प्रधानमंत्री ने मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्षों में भारत जिस ऊंचाई पर होगा, उसमें भारत की वैज्ञानिक शक्ति की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। विज्ञान में जोश के साथ जब देश की सेवा का संकल्प जुड़ जाता है तो नतीजे भी अभूतपूर्व आते हैं। मोदी ने कहा



कि आज भारत स्टार्टअप में शीर्ष तीन देशों में शामिल है। 2015 तक हम 130 देशों के ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 81वें स्थान पर थे। 2022 में हम 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। विश्वास है कि देश का वैज्ञानिक समुदाय 21वीं सदी में वो मुकाम हासिल करेगा जिसका वो हमेशा हकदार रहा है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के आज के भारत में हमारे पास दो चीजे हैं। पहली डेटा और दूसरी तकनीक। इन दोनों में भारत के विज्ञान को नई बुलंदियों में पहुंचाने की ताकत है।

## खबर संक्षेप

### समाजसेवी के माता के निधन पर शोक श्रद्धांजलि

**सहसों।** क्षेत्र के देवनहरी गांव निवासी समाजसेवी देवी प्रसाद शुक्ला के 90 वषीर्या माता गंगा देवी पत्नी स्वर्गीय रामराज शुक्ल के निधन पर क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए शोक प्रकट कर मृतक गंगा देवी के प्रति अपनी श्रद्धा सुमन के साथ श्रद्धांजलि अर्पित किए। उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए। इस अवसर पर मुरलीधर मिश्र, जोखू लाल तिवारी, ननकऊ तिवारी, पूर्व प्रधान नागेन्द्र उपाध्याय, रविंद्र शास्त्री, मंसूर अहमद सिद्दीकी, वेद मणि तिवारी, प्रमोद त्रिपाठी आजाद, अजीत पांडे, जय कृष्ण पांडे वीरू, पिंटू दूबे, संदीप दूबे, पवन कुमार शुक्ला, महेश शुक्ला, दिनेश कुमार शुक्ला, पुष्कर सिंह, बब्बू मिश्रा, कप्तान मिश्रा, भगवान प्रसाद शुक्ला, शारदा प्रसाद शुक्ला, बाल गोविंद तिवारी, राम सिंह यादव, जय प्रकाश द्विवेदी, राजधर द्विवेदी, पप्पू मिश्रा सहित आदि लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि के साथ शोक व्यक्त किए।

# पुलिस मित्र एसपीओ की बैठक माघ मेला 2023 की तैयारियों के संबंध में हुई

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** पुलिस उपायुक्त यमुनापार श्रीमान सौरभ दीक्षित, उप जिलाधिकारी करछना डॉ गणेश कुमार कनौजिया, एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान , प्रभारी निरीक्षक नैनी कोतवाली के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी पुलिस मित्र की एक बैठक माघ मेला 2023 के संबंध में उप प्रभारी परवेज अहमद के आवास पर की गई, एवं नववर्ष के शुभारम्भ पर सभी को नव वर्ष की बधाई एवं लंच के साथ शुरू हुई । बैठक में माघ मेला 2023 के पहले पर्व खिचड़ी से शुरू होने वाले नहान को सुचारू रूप से संपन्न कराने एवं यातायात व्यवस्था भीड़ नियंत्रण आदि विषयों पर एसपीओ प्रभारी के द्वारा अपनी बातों को विस्तृत पूर्वक बताया गया । नए एरिया इंचार्ज को नियुक्त किया गया जिससे हर पर्व पर अच्छी वं सुचारू रूप से सारी व्यवस्थाएं निश्चित हो, मेला के लिये थाना प्रभारी पद के लिये रवि मिश्रा को उपप्रभारी जी के अनुमोदन पर पुनः नियुक्तं किया गया, एवं सभी एरिया इन्चार्ज को एक नये दायित्व के साथ मेला में उतारा जायेगा। बैठक मे सभी सदस्यों ने अपना विचार रखा और प्रभारी जी की रणनीति पर अपनी सहमति जताई। उपस्थित लोगो में एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह, प्रभारी परवेज अहमद, संगठन सचिव रविन्द्र सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल, थाना प्रभारी रवि मिश्रा, उप थानाप्रभारी घनश्याम जायसवाल, एलाउन्सर इकरामुल्लाह, सीनियर एरिया इन्चार्ज रामजी जयसवाल, एरिया इन्चार्ज सुशील शर्मा, एरियां इन्चार्ज राकेश सोनकर, एरिया इन्चार्ज प्रदीप कुमार, एरिया इन्चार्ज विवेक पाल, एरिया इन्चार्ज दिनेश केसरवानी, सुरेंद्र गुप्ता, विशाल, शुभम प्रजापति, राजू साहनी, उपेंद्र सिंह, राजीव वर्मा, मोहम्मद फिरोज प्रेमचंद, राजू वर्मा आदि लोग उपस्थित रहें।

### मार पीट तोड फोड पत्थर, बमबाजी करने वाले दो आरोपी भेजे गए जेल

**मऊआइमा।** मिष्ठान की दुकान में घुस कर मार पीट तोड फोड कर दस हजार रुपये लूटने वाले आरोपियों में से पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलई बाजार घीनपुर निवासी राम सिंह पुत्र शारदा प्रसाद का आरोप है कि एक जनवरी को देर रात कतिपय लोग दुकान में घुस कर तोड फोड किए और गल्ले में रखा दस हजार रुपये बिक्री का गल्ला सहित उठा ले गए। बोलने पर मारे पीटे तथा अपने साथियों को बुलाकर चौराहे पर जाकर ईट पत्थर बमबाजी किए। जिसपर राम सिंह ने मऊआइमा थाने में छह को नामजद करते हुए नब्बे अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था। सोमवार को दर्जनों व्यापारियों ने मऊआइमा थाने में आरोपियों की गिरफ्तारी तथा सुरक्षा की मांग की थी। पुलिस के आश्वासन के बाद सारे लोग चले गए। पुलिस ने दीपक कुमार सरोज पुत्र फूल चन्द्र तथा गुलशन सरोज पुत्र छेदीलाल को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। दूसरी ओर जिनको आरोपी बनाया गया है उनका कहना है कि तीन सौ रुपये के लेन देन को लेकर मिष्ठान दुकानदार के पुत्रों ने कई दलितों को मार पीट कर जख्मी कर दिया है। परन्तु उनका मुकदमा अभी तक नहीं लिखा गया है। वह आला अधिकारियों के यहां न्याय की गुहार लगाएंगे।

# तेजरफ्तार कार बाथरूम तोड़ घर में घुसी चालक घायल




अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जौनपुर मार्ग पर एक अनियंत्रित कार सोमवार की देर रात पटेल नगर गांव में बाथरूम को तोड़ते हुए एक घर में जा घुसी। इसमें चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया तो कार में बैठा दूसरा युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस की माने तो एक कार सोमवार की देर रात पटेल नगर से झूंसी की ओर जा रही थी। अचानक कार अनियत्रित हो गई और सड़क किनारे स्थित खड़क सिंह यादव निवासी शेरडीह के घर के बाहर बने बाथरूम को तोड़ते हुए बरामदे में घुस गई और अंदर खड़ी दो बाइकों को छतिग्रस्त करते हुए चबूतरे से टकराकर रुक गई। तेज आवाज सुन कर घर के भीतर सो रहे लोग बाहर निकले तो कार से निकल कर एक युवक भाग रहा था। चालक गंभीर रूप से घायल होकर कराह रहा था। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस कार चालक संत सचिन विश्वकर्मा को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया।

# मऊआइमा रेलवे फाटक पर हर रोज लगता जाम लोग हो गए है त्रस्त

अखंड भारत संदेश

### ओवरब्रिज बनाने की उठ रही है काफी दिनों से मांग



**मऊआइमा।** मऊआइमा के रेलवे फाटक पर ट्रेन आने के समय उमूमन फाटक बंद हो जाता है ।जब फाटक खुलता है तो घंटों वाहनों के फंसने के अलावा पैदल चलने वाले लोग भी परेशान हो जाते हैं। इस रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने की मांग काफी अरसे से चली आ रही है। मऊआइमा रेलवे फाटक पर ट्रेन आने के समय जब फाटक बंद हो जाता है तो खुलते ही दोनों ओर वाहनों और पैदल चलने वाले लोग घंटों जाम के झाम में फंसे रहते हैं। यदि एम्बुलेंस फंस जाता है तो मरीजों की हालत और खराब हो जाती है ।यही नहीं कई बार एम्बुलेंस पर प्रसव पीड़ा की हालत गंभीर हो चुकी है। इसके अलावा मुबंई, कलकत्ता, दिल्ली आदि का टिकट होने के कारण प्रयागराज रेलवे स्टेशन तक पहुंते ही लोगों की ट्रेनें छूट जाती है। बताते हैं कि यदि कोई भी इस जाम में गर्मी के दिनों में बुरी तरह फंसा तो वह अफना कर बेहोश हो जाते हैं। हालांकि कई बार स्थानीय लोगों ने कस्बा के रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने की मांग जन प्रतिनिधियों से कर चुके केवल आश्वासन के आज तक जमीनी हकीकत कुछ नहीं देखायी दिया। स्थानीय लोगों ने ओवरब्रिज निर्माण कराने की मांग की है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**झूंसी।** दो दिन पहले सड़क हादशे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन युवक को खोजते हुए एसआरएन पहुचे जहा उसकी शिनाख्त मलावा निवासी महेंद्र यादव के रूप में हुए जो काम से लौटते वक्त हादशे का शिकार हो गया था। पुलिस ने इलाज के लिए एसआरएन में भर्ती कराया था।

मलावा खुर्द निवासी जवाहर लाल यादव 32 पुत्र महेंद्र यादव दारागंज में एक किरने की दुकान में काम करता था। पहली जनवरी को रात दुकान बंद कराकर बाइक से घर लौट रहा था। बाइक लेकर वह खड़े ट्रक में भिड़ गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस अज्ञात में एसआरएन में भर्ती करा दिया। जहां सोमवार की दोपहर युवक की मौत हो गई। शव को पंचनामा कर चीरघर भेज दिया गया। उधर खोजबीन करते परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे तो शिनाख्त की। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया जहा कोहराम मच गया।

# शीतलहर से जनजीवन लाचार, ठंड से बचने के लिए लोग ले रहे हैं अलाव का सहारा

अखंड भारत संदेश



**जारी।** इन दिनों कड़ाके की सर्दी के साथ में गलन सितम ढा रही है ठिठुरन बढ़ने से जनजीवन पर व्यापक असर पड़ रहा है दोपहर में निकली धूप भी शीतलहर के आगे सर्दी से राहत नहीं दे सकी स्कूलों में अवकाश होने से बच्चों को राहत रही सर्दी चरम पर है ।सुबह के समय गलन के चलते हाथ कपड़ों से बाहर निकालना भी मुश्किल हो रहा है बफीर्ली हवाओं से ठिठुरन काफी बढ़ गई है बारिश भले ही बंद है पर बादलों का डेरा बना हुआ है ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुबह हल्का कोहरा देहात क्षेत्रों में और अधिक इसके चलते सड़कों पर वाहन लाइट जलाकर चल रहे थे शीतलहर के कारण ही कोहरा हल्का हो गया सुबह के समय तापमान भी कम रहा सर्दी से बचने के लिए लोग सिर से पांव तक खुद को गर्म कपड़ों से ढक कर ही बाहर निकले सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में अवकाश रहने से बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी राहत महसूस की शीत लहर के चलते धूप से खास राहत नहीं मिली गर्म कपड़ों की खरीदारी करने के लिए बाजारों में भीड़ रही दिन में कोहरा भले ही कम हो गया है मगर शाम होते ही बढ़ जाता है और कोहरे चलते खेतों में ओस की बूंदे टपकती रहती हैं इससे वह पर काम करना भी मुश्किल हो रहा है गेहूं, मटर ,सरसों के अलावा टमाटर व सब्जियों की फसलों में काम करने में किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है सर्दी के साथ पड़ रही गलन से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है वहीं शीतलहर शुबह से ही चलने लगती है इससे लोग परेशान हैं सर्दी से बचने के लिए अलाव सहारा बने हुए हैं ।ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के अंदर लोग लकड़ी व कोयले का प्रयोग कर अलाव जला रहे हैं।



# शिक्षाविद की स्मृति में गरीब एवं असहायों को बांटे गए कम्बल

**घूरपुर।** क्षेत्र के अमरेहा गांव निवासी शिक्षाविद स्व - गोपाल कृष्ण शुक्ल की स्मृति में उनके पुत्रों प्रभात शुक्ल,अरुण शुक्ल व उनकी धर्म पत्नी विजय लक्ष्मी के द्वारा गांव के सैकड़ों गरीब असहायों को कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य डॉ वीरेंद्र शुक्ल शास्त्री ने इस बीच कहा कि व्यक्ति के कृतित्व व व्यक्तित्व की पहचान के बारे उस व्यक्ति का ना रहने के बाद की जाती है। उन्होंने कहा स्व गोपाल जी शिक्षक के साथ एक सच्चे और ईमानदार जनसेवक भी थे। समाज को उन्होंने अपने जीवन काल मे एक नई दिशा और दशा दी है। जिसकी चर्चा समाज में आज भी चर्चित है । कार्यक्रम में गांव के सौ से ज्यादा गरीब असहायों को कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कम्बल के साथ मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान हरीराम त्रिपाठी ने करते हुए कहा कि स्व- गोपाल जी का पुण्य प्रताप ही है कि उनका परिवार समाज में अपना एक अलग स्थान रखता है। इस बीच स्व गोपाल कृष्ण शुक्ल के पुत्र प्रभात व अरुण शुक्ल क्षेत्र पंचायत सदस्य ने सभी आंगतुकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लल्ला पाठक,दरोगा शुक्ल,क्षेत्र पंचायत सदस्य घनश्याम कुशवाहा,राम शुक्ल,राम कुमार शर्मा ,पीके त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र पंडित आदि कई लोग मौजूद रहे।

# बाल रंग कार्यशाला में अभिनय की बारीकियों से रूबरू हो रहें है बच्चे

अखंड भारत संदेश

### बाल रंग कार्यशाला से बहुजन संस्कृति को पुनर्जीवित करने की कोशिश

### प्रस्तुतिपरक शीतकालीन बहुजन बाल रंग कार्यशाला का हुआ आगाज



**प्रयागराज।** प्रबुद्ध फाउंडेशन और राष्ट्रीय शिशु विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर 07 से 17 आयु वर्ग के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के लिए एक 15 दिवसीय प्रस्तुतीपरक शीतकालीन बहुजन बाल रंग कार्यशाला का शुभारंभ मम्फोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय में दोपहर से किया गया। इस प्रस्तुतिपरक बाल रंग कार्यशाला में मंफोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय के साथ डीपी गर्ल्स इंटर कालेज और मेरी वाना मेकर इंटर कालेज के लगभग 50 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतिभागी बच्चों को नृत्य, नाटक व गायन की विविध कला आयामो के विषय में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला के संयोजक रंगकर्मी रंगनिर्देशक आईपी रामबृज ने बताया कि नृत्य, नाटक व गायन में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत बच्चे अपनी अपनी रंगारंग प्रस्तुति 15 जनवरी को राष्ट्रीय शिशु विद्यालय में या उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के प्रेक्षागृह देंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य एलके अहेरवार ने बताया कि सुविधाविहीन बहुजन समाज के बच्चों को उचित मंच नहीं मिल पाता, नामी गिनामी सांस्कृतिक मंच भी बहुजन समाज के बच्चों पर ध्यान न देकर पहले से ही कुछ न कुछ पारंगत बाल कलाकारों को ही मंच प्रदान करते है जबकि रंगमंच की विभिन्न विधाओं की उत्पत्ति ग्रासरुट समाज से ही माना जाता है। प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रबंधक/सचिव रंगकर्मी रंग निर्देशक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बताया कि भले ही बहुजन समाज को राजनैतिक बराबरी मिल चुकी है लेकिन सामाजिक सांस्कृतिक बराबरी से बहुजन समाज बहुत दूर है। बहुजन समाज का तथाकथित शिक्षित वर्ग भी इस सामाजिक असमानता के लिए काफी हद तक जिम्मेदार है। स्वार्थी लोगों ने समानता प्रदान करने वाली बहुजन संस्कृति का विनाश किया है जिसे पुनर्जीवित एवं मजबूत करने की जरूरत है तथा इस दिशा में प्रबुद्ध फाउण्डेशन एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य कर रहा है। मम्फोर्डगंज स्थित शिशु मंदिर के प्रबंन्धक अजय भारती ने बताया कि सुविधाओं के अभाव में रहते हुए बहुजन समाज के बच्चों में निहित नैसर्गिक प्रतिभा पर खुशी जाहिर करते हुए उनके साहस एवं हिम्मत की सराहना की। दूर दराज इलाकों से भी बच्चे इस पड़ रही भीषण ठण्ड में भी दोपहर 02 बजे से अपराह्न 05 बजे तक यानी पूरे तीन घण्टे प्रतिदिन कार्यशाला में ठण्ड से लड़ते हुए रंगमंच की विभिन्न विधाओं की दुनिया से बच्चे सराबोर होंगे। प्रतिभागी बच्चों में रीत सिंह, तनु सिंह, अंश केशरवानी, ग्रन्थ केसरवानी, तनु जायसवाल, शगुन जायसवाल, अंतरा पटेल, जिज्ञासा पटेल, नैना यादव, जोया अली शेख, अंशिका शर्मा, अनुपम शर्मा, कार्तिक पाल, अंशु पाल, पूर्वी गौड़, माही धुरिया, प्रेम प्रजापति, अमन भारतिया, शिवम सरोज, अंबिका, संजना, चाहत, प्रियांशु, प्रियंका, सोनाली, गौरी, शालू, महक सहित पचासों बच्चे शामिल हुये।

### पांचवा सुंदरकांड पाठ संपन्न

# मार्ग तभी बदल सकता है जब हम धर्म की तरफ चलेंगे



अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** क्षेत्र की आदर्श रामजानकी कुटी में पाश्चात्य नववर्ष के पहला मंगलवार उपलक्ष्य में सनातन धर्म उत्थान के लिए हर वर्ष की भांति इस बार भी सामूहिक 108 सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।श्रीहरिशंकर पांडेय इंटर कॉलेज व पंडित विष्णु राम तिवारी कॉलेज और क्षेत्र के भक्तो ने सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किये।लालापुर से पधारे आचार्य विधिवत पूजन कर पंडित देवेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि श्री हनुमान के साथ जुड़ा रिश्ता हमें सदैव कष्टों से बचाता है।श्रीराम का निरंतर चितन करते रहने के साथ असम्भव कार्य भी सम्भव हो जाते है। इस अवसर पर रामजानकी जनकल्याण समिति अध्यक्ष ने कहा कि कलयुग में सुंदरकांड का पाठ हर एक मनोकामना को पूर्ण करने में अहम भूमिका रखता है। माता सीता को रामचरितमानस में भक्ति का रूप दिया है और हनुमान जी को भक्त का रूप दिया है। और रामू तिवारी ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पे लालापुर से विनीत कुमार पांडे, सतीश शुक्ला, विमलेश, अनीश, पूर्व शिक्षक बालकृष्ण शुक्ला लालबाबू मिश्र, बंशीधर द्विवेदी मदुरी से कमलेश्वर पांडेय, सनी पांडेय, यश पांडेय, संजय पांडेय, अश्वनीपुर से वेदी यादव, अभिषेक यादव, अमित यादव, भोले यादव, राकेश विश्वकर्मा, इमिलिया से सृजन शुक्ल, ओठगी गिधार से विपिन कुमार यादव, राहुल कुमार, किशन चौबे, सनी पांडेय, अभिजीत द्विवेदी, पवन कुमार तिवारी, ज्योन्धी सोंवै से आशीष पांडेय, निखिल द्विवेदी, शुभम मिश्रा, घूरी से अमित कुमार, लाल चंद्र, छतहरा से सुजीत सिंह अवन वर्मा अनुराग वर्मा, पूरे बल्दू से नितिन तिवारी, दीपांशु तिवारी, आदित्य तिवारी, नान बाबू पांडुआ से आशीष कुमार जीतलाल, प्रतापपुर, संदीप निषाद, दीपक मिश्र, विद्यालय प्रबंधक सुरेश त्रिपाठी, प्रधानाचार्य मुकुंद तिवारी, सोसाइटी अध्यक्ष रमाशंकर त्रिपाठी, लालापुर प्रधान शंकर लाल पांडेय, बारा विधायक प्रतिनिधि श्यामू निषाद, मंगला प्रसाद तिवारी, गौरव पांडेय, पीएससी हॉस्पिटल लालापुर डॉ पुनीत और फार्मासिस्ट, लालापुर थाना अध्यक्ष शेर सिंह व समस्त टीम सहित रहे मौजूद अन्त में महाआरती हुई एवं आरती के पश्चात कार्यक्रम की पूणार्हुती हुई।

# फूलपुर में उत्साह पूर्वक मनाई गई क्रान्ति ज्योति सावित्री बाई फुले का जयंती

अखंड भारत संदेश



माता सावित्री बाई फुले की जयंती पर दिब्यांगो को निःशुल्क कंबल वितरित करते भाजपा नेता व ज्योतिबा फुले माली कल्याण समिति के पदाधिकारी

### ज्योतिबा फूले माली कल्याण समिति ने दिया दिब्यांगो को निःशुल्क कंबल

**फूलपुर।** शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिसके सहारे हम समाज में ब्याप्त बुराईयों एवं कुरितियों के खिलाफ मजबूती से लड़ सकते हैं। महिला सशक्तिकरण की प्रतीक माता सावित्री बाई फुले ने शिक्षा के सहारे ही महिलाओं की दशा को सुधारने का काम किया। उक्त बातें ज्योतिबा फूले माली कल्याण समिति के बैनर तले मंगलवार को हरिकृपा मंडप में आयोजित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की 192 वीं जयंती समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर नाथ यादव ने कही। भाजपा सरकार के द्वारा महिला कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज समाज में महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिल रहा है। मंडल अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा कि महापुरुषों के संघर्षों से हमें सीख लेकर उसे अपने जीवन में भी ढालना चाहिए। वहीं पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष जगदीश गुप्ता ने कहा कि माता सावित्री बाई फुले अशिक्षित महिला होते हुए भी पति के सहयोग से महिला उत्थान के लिए महत्वपूर्ण की। जयंती समारोह को ज्योतिबा फुले माली कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया। उपस्थित लोगों ने माता सावित्री बाई फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अधिवक्ता मनोज मौर्य ने किया। इस दौरान दिब्यांगो को निःशुल्क कंबल भी वितरित किया गया। मौके पर रवि माली,राजेश बाबू के साथ ही माली समिति के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चोरी के माल के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार बाइक भी हुई बरामद

अखंड भारत संदेश




**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के माल के साथ एक मोटरसाइकिल भी बरामद कर पकड़े गए युवकों को मंगलवार को जेल भेज दिया। छतनाग चौकी इंचार्ज नवीन सिंह के साथ दारोगा धर्मेंद्र यादव, सचिन्द्र गुप्ता ने शस्त्री ब्रिज के नीचे से जौनपुर के सुजानगंज निवासी मिथुन चौबे उर्फ अजय पुत्र गंगा चौबे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की। वही चमनगंज चौकी इंचार्ज योगेंद्र सिंह ने त्रिवेणीपुरम से पुन्नी लाल को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर पानी की टंकी, बैटरी, टुल्लू, स्टार्टर मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद किया।

## खबर संक्षेप

### तंबाकू छोड़ने के लिए आशा कार्यकर्ता करेंगी प्रेरित

**प्रयागराज।** तेलियरगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय समूह वार्ता की मासिक बैठक आयोजित हुयी। इसमें आशा कार्यकर्ता व एएनएम को तंबाकू सेवन से होने वाले जानलेवा रोग व दुष्प्रभावों के विषय में जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया किया। एनसीडी सेल जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शैलेश मौर्या ने बताया कि सामुदायिक स्तर पर आशा कार्यकर्ता लोगों को तंबाकू के प्रयोग से होने वाली बीमारियों के बारे में बताती हैं। इसके लिए यह बैठक प्रतिमाह एनसीडी सेल के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश सिंह के निर्देशन में आयोजित की जाती है। बैठक का उद्देश्य आशा कार्यकर्ता व एएनएम के माध्यम से जनसमुदाय को तंबाकू के दुष्प्रभावों के विषय में जागरूक करना रहता है।

# वाहन चेकिंग के दौरान कार ने एआरटीओ को कुचला, हालत गंभीर, मेदांता रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नैनी के नए यमुना ब्रिज पर कार की टक्कर से एआरटीओ प्रवर्तन भूपेश कुमार गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनके सिर में गंभीर चोट आई है। आनन फानन उन्होंने जीवन ज्योति हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक देख उन्हें लखनऊ मेदांता के लिए रेफर कर दिया गया है। चिकित्सकों के मुताबिक शुरूआती 15 दिन एआरटीओ के लिए अहम हैं। घटना की जानकारी होते ही डीएम, आरटीओ सहित तमाम अफसर मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया है। पुलिस उसकी खोजबीन में जुटी है।एआरटीओ प्रवर्तन भूपेश कुमार गुप्ता मंगलवार को भोर में नए यमुना पुल पर अपनी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। भोर में करीब पांच बजे एक गाड़ी के नंबर प्लेट का फोटो खींचने के लिए जैसे ही वह सड़क पार कर रहे थे कि तेज रफ्तार एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में एआरटीओ दूर गिरे। इससे उनके सिर में गंभीर चोटे आई।घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। कर्मचारियों ने एआटीओ को तत्काल जीवन ज्योति हास्पिटल रामबाग में भर्ती कराया। सिर से लगातार रक्तस्त्राव हो रहा था। हालत गंभीर देख उन्हें मेदांता के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के बाद तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद हरकत में आई पुलिस ने एआरटीओ को टक्कर मारने वाले वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चालक करछना के भुंडा गांव का रहने वाला है। पूछताछ में पुलिस को उसने बताया कि वह दर्शन करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान अचानक उसकी ऑल्टो कार के सामने एआरटीओ आ गए।



मौके पर पहुंचे डीसीपी आकाश कुलहरी

### प्रयागराज जंक्शन पर पटरी से उत्तरा काशी एक्सप्रेस का कोच

**प्रयागराज।** गोरखपुर जा रही काशी एक्सप्रेस का एक कोच मंगलवार की सुबह पटरी से उतर गया। प्रयागराज जंक्शन पर सुबह 8:30 बजे के पास यह वाकया हुआ। गनीमत रही कि इस घटना से प्रयागराज जंक्शन पर रेल संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा ना ही किसी यात्री को कोई चोट लगी।काशी एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक से गोरखपुर के बीच चलती है। मंगलवार की सुबह तकरीबन 1 घंटे की देरी से ट्रेन जंक्शन 8:15 बजे के आसपास पहुंची थी। निर्धारित ठहराव के बाद ट्रेन जैसे ही गोरखपुर के लिए रवाना हुई तो प्लेटफार्म नंबर 9 पर इंजन के पीछे पावर वैगन जिसे जनरेटर कोच भी कहा जाता है उसके दो पहिए पटरी से उतर गए। पहिए के उतरते ही जंक्शन पर सायरन बजना शुरू हो गया।

# 22 जनवरी को आर्बिट्रेशन वादों की विशेष लोक अदालत व 11 फरवरी को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिला जज / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इलाहाबाद संतोष राय की अध्यक्षता में 22 जनवरी 2023 को आर्बिट्रेशन वादों की विशेष लोक अदालत एवं 11 फरवरी 2023 को प्रातः 10:00 से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय व समस्त तहसीलों में किया जा रहा है ' जिसमें वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के द्वारा कराया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष चंद्र मौर्य ने बताया है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में वाद कारियो को सुलभ, त्वरित और सस्ता न्याय दिलाने के लिए इन लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है ' इसके अंतर्गत वैवाहिक, भरण पोषण लघु फौजदारी वाद, व्यवहार वाद, 138 एन आई एक्ट, चेक डिशऑनर से संबंधित वाद बैंकों के ऋण रिकवरी, टेलीफोन, बिजली व मोटर दुर्घटना सहित, राजस्व वादों का सुलह समझौता के द्वारा त्वरित निस्तारण किया जाएगा। सचिव के द्वारा लोगों से अपील की है कि लंबित मामले लगवा कर लोक अदालत का लाभ उठाएं।

# हाईकोर्ट : नाबालिग का अश्लील वीडियो चाइल्ड पोर्न ग्रुप में शेयर करने के आरोपी को जमानत देने से इन्कार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग का अश्लील वीडियो चाइल्ड पोर्न ग्रुप्स में डालने के आरोपी को जमानत पर रिहा करने से इन्कार कर दिया है और गाजियाबाद की सीबीआई की विशेष अदालत को छह माह में ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति डी के सिंह ने झांसी के एरच थाना क्षेत्र के रामगंज गांव के रामजी की जमानत अर्जी को खारिज करते हुए दिया है। अर्जी पर सीबी ई के वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश व संजय यादव ने प्रतिवाद किया। याची का कहना था कि उसके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। झूठा फंसाया गया है, जबकि सीबीआई की चार्जशीट में कहा गया है कि आरोपी ने नाबालिगों का अश्लील वीडियो 55 वाट्स एप ग्रुप्स पर शेयर किया है। 311 वीडियो चाइल्ड पोर्न ग्रुप्स पर अपलोड किया है। इससे उसने 34.798 डालर की कमाई की है। अपराध में पूरी तरह से लिप्त है। कोर्ट ने आरोप की गंभीरता को देखते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

# मुख्य सचिव ने माघ मेले की तैयारियों का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शुरू हो रहे माघ मेले को लेकर शासन और प्रशासन तैयारियों में जुटा है। आज मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा और पुलिस महानिदेशक डीएस चौहान आज माघ मेले की हकीकत देखने के लिए यहां पहुंचे थे। प्रयागराज मेला प्राधिकरण सभागार में अफसरों के साथ बैठक की। संगम क्षेत्र में जाकर अभी तक की तैयारियों के बारे में जानकारी ली।मुख्य सचिव ने पीडब्ल्यूडी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यों की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मेला क्षेत्र में चकर्ड प्लेटों से बनायी गयी सड़कों का नियमित रूप से अनुश्रवण करते रहने के लिए कहा, जिससे कि यात्रियों को चलने में किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये। जल निगम के द्वारा कराये गये कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि मेला क्षेत्र में कहीं पर भी पानी का लिकेज नहीं होना चाहिए। उन्होंने जल निगम को 24 घंटे अनुश्रवण हेतु टीम बनाकर सक्रिय किए जाने के लिए कहा है, जिससे कि कहीं पर भी पानी का जल-जमाव या पानी का रिसाव न होने पाये। इसके साथ ही साथ किसी को भी पीने के पानी की असुविधा न होने पाये।





**कोविड से बचाव के लिए करें उचित प्रबंधन :** उन्होंने मेला क्षेत्र में कोविड से निपटने के लिए की गयी तैयारियों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए कहा कि मेला क्षेत्र में तैनात किए गए वालंटियर के माध्यम से जागरूकता भी कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर मास्क एवं सैनेटाइजर रखे जाने के लिए कहा है। उन्होंने मेला क्षेत्र में लगायी गयी एम्बुलेंस के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अस्पतालों में वेंटीलेटर की पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखने एवं आक्सीजन प्लांट को चेक कर उसको क्रियाशील बनाये रखने के लिए कहा है। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, कमिश्नर विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, अपर पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मेलाधिकारी अरविंद चौहान, सहायक मेला अधिकारी विवेक कुमार चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशू पांडेय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**माघ मेले की भव्यता में युवाओं की भूमिका अहम :** मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा ने कहा माघ मेले की तैयारियों पूरे सभी विभागों को लगाया गया है। सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि इस बार मेले में युवाओं की अहम भूमिका होगी। मेले में युवाओं को शामिल किया गया है। ताकि यह मेले की हजारों वर्ष पुरानी परंपरा को देखें।मुख्य सचिव ने कहा, श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। यहां स्वास्थ्य सेवाएं, लाइटिंग, शौचालय, सफाई आदि की व्यवस्था की गई है। मुख्य सचिव ने साधु संतों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी।

# पीडीए ने 70 बीघे में अवैध प्लाटिंग धवस्त की

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को फाफामऊ क्षेत्र में अवैध प्लाटरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। 6 प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा की गई लगभग 70 बीघे में की गई अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की। बाउंड्रीवॉल को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।

**इनके खिलाफ हुई कार्रवाई :** आशीष मौर्या द्वारा हथिगहां लखनऊ रोड फाफामऊ, प्रयागराज में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। सोनू व घनश्याम द्वारा स्थल हथिगहां लखनऊ रोड फाफामऊ, प्रयागराज में लगभग 8 बीघा क्षेत्रफल में की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। राजेन्द्र, राजमनि दूबे और प्रभात मिश्रा द्वारा स्थल डुमरा जगदीशपुर लखनऊ रोड फाफामऊ, प्रयागराज में लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया।अनूप सोनी द्वारा स्थल डुभरा जगदीशपुर लखनऊ रोड फाफामऊ, प्रयागराज में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। ओपी यादव द्वारा स्थल कौड़िहार लखनऊ रोड फाफामऊ, प्रयागराज में की गई अवैध प्लाटिंग को पीडीए ने ध्वस्त कर दिया है। यहां 20 बीघा क्षेत्रफल में की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। सुहैल द्वारा स्थल गोहरी फाफामऊ, प्रयागराज में लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में की गयी अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया।अजय कुमार संयुक्त सचिव / जोनल अधिकारी के नेतृत्व में जोन संख्या 3डी प्रयागराज के अन्तर्गत इन्द्रजीत साहू द्वारा 208बी / 984 जवाहर लाल नेहरू रोड, सोहबतियाबाग, प्रयागराज में किये जा रहें अवैध निर्माण को सील किया गया।

**फाफामऊ में 6 प्लाटरों के खिलाफ हुई बड़ी कार्रवाई बाउंड्रीवॉल बुलडोजर से ध्वस्त किया**



### माफिया मुख्तार अंसारी के साले अनवर शहजाद को राहत

**हाईकोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का दिया आदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माफिया मुख्तार अंसारी के साले अनवर शहजाद की गैंगस्टर केस में जमानत मंजूर कर ली है। हाईकोर्ट ने उसे जमानत पर रिहा किए जाने का आदेश दिया है। 31 जनवरी 2022 को मऊ के दक्षिण टोला थाने में अनवर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई थी। अनवर इस समय गाजीपुर की जेल में बंद है अनवर की जमानत पर अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने बहस की।अनवर शहजाद के भाई आतिफ रजा उर्फ सरजील को पहले ही इस मामले में जमानत मिल चुकी है। सरकारी जमीन कब्जाने के मामले में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। जस्टिस सैयद वैज मियां की सिंगल बेंच ने जमानत अर्जी मंजूर की। आतिफ रजा को जेल से निकलते ही ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। अब देखना यह होगा कि अनवर शहजाद के गाजीपुर जेल से रिहा होने पर ईडी उसे गिरफ्तार करती है या नहीं।

# स्वास्थ्यकर्मियों को मानदेय नहीं दे रही सिक्योरिटी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल परिसर में इस ठंड में धरने पर बैठे स्वास्थ्यकर्मी अपने हक की बात कर रहे हैं। पिछले 13 दिनों से यहां धरना दे रहे हैं। और अपनी ड्यूटी पीरियड में ड्यूटी भी निभा रहे हैं।दरअसल, यह सभी जीत सिक्योरिटी की ओर से आउटसोर्सिंग के तहत रखे गए हैं। यह वही लोग हैं जो कोरोना में अपनी जान की परवाह किए बिना कोरोना वार्डों में ड्यूटी कर रहे थे। अब इन्हें एजेंसी और अस्पताल प्रशासन की ओर से प्रताड़ित किया जा रहा है। ताकि यह खुद यह नौकरी छोड़कर चले जाएं। धरने पर बैठे अंकित सेन यादव का कहना है कि कई माह से जीत सिक्योरिटी की ओर से हमें मानदेय नहीं दिया जा रहा है। जो मानदेय पहले दिया भी जाता था उसमें भी कटौती की जाती रही है। हमने हक की बात करने पर नौकरी से निकाल देने की धमकी दी जा रही है। हमारी बात कोई सुनने वाला नहीं है।

**किससे कहें अपनी बात, कोई तो सुने**

धरने पर बैठीं वर्षा सिंह कहती हैं कि हम अपनी बात किससे कहें, हम तो आउटसोर्सिंग के हैं, हमारे साथ अछूतों की तरह व्यवहार किया जाता है। जब एजेंसी के पास जाते हैं तो कहा जाता है कि आप अस्पताल प्रबंधन से बात करें हम कुछ नहीं सकते। अस्पताल प्रशासन से बात करने पर कहा जाता है कि हमारे स्टाफ नहीं हैं जिस एजेंसी के माध्यम से आएं हैं वहां जाएं। ऐसे में हम अपनी मांग और अपनी समस्याएं किससे कहें। रमन बत्रा, अभिषेक पांडेय, रुपाली पाल, हासमी, श्वेता साहू आदि ने कहा कि हम गांधीगिरी तरीके से यहां बैठे हैं लेकिन हमारी मांग नहीं पूरी हुई तो आगे आंदोलन तेज करेंगे।

### धोखाधड़ी के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** अपर सत्र न्यायाधीश सीताराम की कोर्ट ने फर्जी दस्तावेज के सहारे शिक्षक पद की नौकरी प्राप्त करने वाले धोखाधड़ी के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। आरोपी प्रयागराज के पुरामुफ्ती मरदानपुर गांव के शिवमूर्ति सिंह ने जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी।कोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र की सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से पैरवी करते हुए एडीजीसी देवेंद्र कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने अपनी दलीलों में कहा कि पुलिस की ओर से बताया गया है कि आरोपी ने जनपद के बाबागंज ब्लॉक के एक विद्यालय में शिक्षक पद की नौकरी के आवेदन में फर्जी दस्तावेज प्रयोग किया था।बेसिक शिक्षा विभाग ने वर्ष 2016 में आरोपी के दस्तावेज सत्यापन में गड़बड़ी पकड़ी थी। कोर्ट ने एडीजीसी की दलीलों को सुनकर आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया।

# योगेश शुक्ला ने टोंस नदी परिक्रमा कर नदी के महत्व को लोगों से किए साझा

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ला ने टोंस नदी परिक्रमा की यात्रा 11 दिसंबर को क्षेत्र के चौकी गांव से शुरू किया था।भाजपा नेता के टोंस परिक्रमा यात्रा का उद्देश्य रहा कि नदी के किनारे रहने वाले लोग नदी की महत्वा को समझें तथा गंगा की तरह लोग टोंस नदी को न दूषित करने पाए और उसकी महत्वा को जाने। इसी उद्देश्य के नजरिए से उन्होंने टोंस यात्रा का शुरू किया था। टोंस परिक्रमा यात्रा के दौरान भाजपा नेता ने टोंस नदी के किनारे बसे एक दर्जन स्थानों को पर्यटन स्थल के नजरिए से चिन्हित किया है। उनका उद्देश्य है कि पर्यटन को बढ़ावा देने तथा टोंस नदी को जीवंत रखने का इससे बेहतर सुनहरा मौका और नहीं हो सकता, अगर इन स्थानों को सरकार द्वारा पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा मिलता है तो नदी का गौरव भी बढ़ेगा और नदी के किनारे बसे गांवो को विकास की गति मिलेगी। इसी उद्देश्य से उन्होंने क्षेत्र के मदरहा घाट,गौरा पाल पट्टी,बेलन नदी जहां दो नदियों का संगम है जैसे आदि स्थानों को चिन्हित किया है। उन्होंने कहा कि आखरी सांस तक टोंस से रिश्ता बना रहेगा नदी के किनारे निवास करने वाले लोगों को उन्होंने संकल्प दिलाया कि नदी के घाट पर शौचक्रिया नहीं करेंगे तथा पवित्र रखने में मदद करेंगे।इस दौरान हरिकांत पांडे, हरिमोहन पांडे, विष्णु ने प्रताप सिंह, राकेश शुक्ला, अमीन प्रधान, प्रतिनिधि विनय शुक्ला सहित आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



# मतदान वर्णमाला खेल से किया जागरूक



**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** मतदाता जागरूकता को लेकर कई विधियों द्वारा युवाओं को जरूरी जानकारियां दी जा रहीं हैं।रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कालेज में मंगलवार को मतदाता वर्णमाला खेल द्वारा बच्चों को इसके बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने इलेक्ट्रो लिटरेसी गेम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसको अमल में लाकर जागरूकता में सहायक बनाना जरूरी है।उन्होने मतदान को जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और पुनीत कार्य बताते हुए एक अच्छे सच्चे प्रतिनिधि को चुनने में इसके प्रयोग को लोकत्रंत का सबसे मजबूत पक्ष बताया।बच्चों को उनके अपने घर के मतादाताओं समेत पास पड़ोस और गांव के लोगों के बीच भी यह जागरूकता फैलाकर अधिक से अधिक मतदान के प्रति प्रेरित किया। इस मौके पर सीनियर वर्ग के बच्चे, शिक्षक, कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### बाकू से बीपी और हार्ट की हो सकती है दिक्कत

**प्रयागराज।** प्रमोद सिंह ने कहा कि हर आशा कार्यकर्ता तंबाकू सेवन कर रहे लोगों को इसे छोड़ने के लिए प्रेरित करें। अपने कार्यक्षेत्र में परिजनों को तंबाकू से होने वाले जानलेवा रोग व दुष्परिणामों के विषय में बताएं। उन्हें समझाएं कि वर्तमान समय में तंबाकू के सेवन से बीपी, डायबिटीज, हृदय रोग, कैंसर, कार्डियक स्ट्रॉक आदि की संभावना बढ़ जाती है। कोई व्यक्ति तंबाकू छोड़ना चाहे तो आशा कार्यकर्ता उनकी मदद करें व उन्हें जनपद के मंडलीय चिकित्सालय के कमरा नंबर 117 ओपीडी में लाकर दिखाएं। यहां तंबाकू की लत में गिरफ्त व्यक्ति की आदत छुड़ाने के लिए उनकी काउंसिलिंग कर एनआरटी (निकोटीन रिप्लेसमेंट थैरेपी) व दवाओं के माध्यम से उनका उपचार करते हैं। इसके साथ ही स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में कैंसर सेंटर यूनिट बनाया गया है जहां कैंसर की जांच व इलाज उपलब्ध है।

# इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में महापंचायत 12 जनवरी को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 12 जनवरी को होने वाली महापंचायत के लिए छात्रों ने पूरे देश के छात्रसंघ अध्यक्षों व नेताओं से संपर्क किया है। 1 लाख छात्रों की भीड़ के बीच छात्र नेता इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन की पोल खोलेंगे। इसके साथ ही साथ आंदोलन की रणनीति तय करेंगे वह विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ विभिन्न प्रस्ताव पारित करेंगे।

**इतिहास की सबसे बड़ी महापंचायत होगी :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रहे अवनीश यादव ने बताया कि 12 जनवरी को युवा दिवस के दिन होने वाली छात्र महापंचायत इविवि के इतिहास की सबसे बड़ी छात्र महापंचायत होगी। जहां अब तक की इतनी बड़ी छात्र महापंचायत कभी नहीं हुई है।इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र अपनी मांगों को लेकर 996 दिनों से छात्रसंघ भवन पर पूर्णकालिक अनशन पर बैठे हैं। 19 दिसंबर को गार्डों द्वारा छात्रों पर लाठीचार्ज को लेकर गार्डों और विश्वविद्यालय प्रशासन पर कार्यवाही न होने से छात्र बेहद नाराज हैं। जिसे लेकर छात्र 12 जनवरी को महापंचायत करने वाले हैं।

**देशभर से छात्रसंघ भवन पर आएगी एक लाख छात्रों की भीड़**

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अवनीश यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय में बढ़ी फीस वृद्धि, छात्र संघ बहाली, हॉस्टल की बढ़ी फीस वृद्धि, छात्रवृत्ति ना मिलना और सरकार द्वारा जो छात्रों का लगातार दमन किया जा रहा है उसके खिलाफ यह छात्र महापंचायत है । जिसमें देश के बड़े-बड़े सदन में आवाज उठाने वाले सांसद, बड़े-बड़े चैनलों के पत्रकार और बुद्धिजीवी वकील, व्यापारी, किसान नेता इस छात्र महापंचायत में आएंगे। जो छात्रों के मनोबल को बढ़ाएंगे और जिस तरीके से इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों ने बड़ी संख्या में आज कंपनी के द्वारा छात्र महापंचायत में आने के लिए अपना समर्थन दिया है इस बात को प्रमाणित करता है कि एक लाख की भीड़ 12 जनवरी को महापंचायत में आने जा रही है उसी दिन इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सारे फैसले सरकार को वापस लेने पड़ेंगे और सरकार को झुकना पड़ेगा।

**1 लाख छात्र शामिल होंगे, विश्व विद्यालय प्रशासन के खिलाफ कई प्रस्तावों पर लगेगी मुहर**



### माघ मेले के लिए रेलवे ने तैयार किया माइक्रोप्लान

**प्रयागराज।** संगम तीरे आयोजित होने वाले माघ मेला को लेकर रेलवे ने माइक्रो प्लान तैयार किया है। इसमें अलग अलग शहरों के लिए जाने वाले यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए अलग अलग स्टेशनों से ट्रेनों का संचालन होगा। मेले के दौरान प्रमुख स्नान पर्वों पर जिन यात्रियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन की ओर जैसे मेजा रोड ,मांडा रोड, विंध्याचल,मिजार्पुर ,चुनार, आदि स्टेशनों की ओर यात्रा करनी हो वह यात्री, नैनी अथवा छिवकी स्टेशन से, जिन यात्रियों को कानपुर की ओर जैसे भरवारी, सिराथू ,खागा, फतेहपुर, एवं कानपुर आदि स्टेशनों की ओर यात्रा करनी हो वे यात्री प्रयागराज जंक्शन से, जिन यात्रियों को मानिकपुर की ओर जैसे शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, जैतवार, सतना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, रेलवे स्टेशन झांसी आदि स्टेशनों की ओर यात्रा करनी हो वे यात्री नैनी अथवा छिवकी स्टेशन से ट्रेन पकड़ेंगे।

### लखनऊ के लिए प्रयाग व फाफामऊ से पकड़नी होगी ट्रेन

जिन यात्रियों को लखनऊ की ओर जैसे अमेठी, प्रतापगढ़, ऊंचाहार, रायबरेली, लखनऊ, बरेली आदि स्टेशनों की ओर यात्रा करनी हो वे यात्री प्रयाग अथवा फाफामऊ स्टेशन से, जिन यात्रियों को अयोध्या की ओर जैसे फैजाबाद, अयोध्या, जौनपुर, आदि स्टेशनों की ओर यात्रा करनी हो वे यात्री प्रयाग अथवा फाफामऊ स्टेशन से, जिन यात्रियों को वाराणसी की ओर जैसे रामनाथपुर, माधव सिंह, भदोही, ज्ञानपुर रोड, मंडुआडीह (बनारस ), वाराणसी कैंट , भटनी, गोरखपुर, आदि स्टेशनों की यात्रा करनी हो वह यात्री रामबाग अथवा झूसी स्टेशन से मेला स्पेशल ट्रेनों के द्वारा अपने गंतव्य स्टेशन तक जा सकेंगे।


**सूचना**

मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2020? अनुक्रमांक 1679767 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**अंतिमा यादव पुत्री लाल बहादुर यादव, पता - दिघिया बभनी हेठार मांडा प्रयागराज।**

## अवकाश में परिषदीय विद्यालय खुले मिले तो होगी कार्रवाई-बीईओ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शीतकालीन अवकाश के चलते परिषदीय मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के भी कहीं कहीं खुलने की शिकायत पर बीईओ ने मातहतो को कड़ी चेतावनी दी है। लालगंज के खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव ने कक्षा एक से आठ तक के सभी परिषदीय सहायता एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों को शासन के निर्देश पर बंद रखे जाने का प्रधानाध्यापको को कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। बीईओ ने कहा है कि आकस्मिक निरीक्षण मे शासन के आदेश का क्रियान्वयन न करने वाले विद्यालयों पर कडी कार्रवाई के लिए संस्तुति की जाएगी। उन्होने जारी आदेश में कहा है कि चैदह जनवरी तक विद्यालयों का संचालन बंद नही दिखा तो ऐसे विद्यालयों की सूची बीएसए को कार्रवाई के लिए भेजी जाएगी।

# रामलीला मैदान में सेना की कार्यवाही से हड़कंप

### अतिक्रमण करने वाली दुकानों व गुमटियों को तोड़कर जलाया, ढाबा व स्थायी निर्माण करने वालों को दी चेतावनी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के मध्य रामलीला मैदान में मंगलवार को पूर्वान्ह सेना की लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक गाड़ियां रामलीला मैदान पहुंच चुकी थीं। सेना का काफिला पहुंचते ही वहां खड़ी बसें व अन्य वाहन भाग खड़े हुए। फिर सेना ने वहां उतरकर रामलीला मैदान में अतिक्रमण कर बनाई गई गुमटियों व दुकानों पर जमकर तोड़फोड़ की। उसके बाद उसमें आग लगा दिया।

सेना की इस कार्यवाही के दौरान सेना के जवान चारों तरफ चैकन्ने खडे. थे। इस कार्यवाही की न तो फोटो खींचने की अनुमति थी और न ही वीडियो बनाने की। इस दौरान सेना के जवानों ने ढाबा व स्थायी निर्माण करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी दी। सेना ने रामलीला मैान में एक बोर्ड भी सेना ने लगाया है जिस पर 35 एकड़ जमीन को रक्षा मंत्रालय का बताते हुए यहां किया गया निर्माण गैर कानूनी है। प्रेस फोटोग्राफर भी सेना की कार्यवाही पूरी होने के बाद ही वहां जा पाए थे। सेना की इस कार्यवाही से आज शहर में हड़कंप मच गया था। बता दें कि सेना इसके पहले भी कई बार इस तरीके की कार्यवाही कर चुकी है लेकिन रामलीला मैदान में पट्टी और अमेठी की ओर जाने वाली प्राइवेट बसें इसी रामलीला ग्राउण्ड में खड़ी होती हैं और गुमटी और पन्नियों में कई दर्जन दुकानें अवैध रुप से लगी हुई हैं। कुछ ढाबे व दुकानें स्थायी रुप से बन गई हैं। सेना बार-बार यहां आकर अतिक्रमणकारियों से बचाने के लिये रामलीला मैदान में ऐसी कार्यवाही कर रही है। सेना के जवान मंगलवार को पूर्वान्ह लगभग दस बजे आ गये थे और अपरान्ह में दो बजे सेना का काफिला वापस प्रयागराज लौट गया।



रामलीला मैदान में सेना द्वारा जलाई गई गुमटियां।

# आगजनी मे झुलसी मासूम की मौत पर कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आकस्मिक आगजनी मे मासूम की मौत से मंगलवार को दूसरे दिन भी परिजनों को विलाप मे देखा गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पहाडपुर के समीप दखिनहन का पुरवा में वीर प्रताप यादव पुत्र शंभू नाथ यादव के छप्पर में सोमवार की सुबह अचानक आग लग गयी।

इस बीच छप्पर के नीचे चारपाई पर पांच माह की मासूम सो रही थी। उसकी मां बगल खेत में बेसहारा पशुओं को खेत से बाहर कर वापस लौट रही थी। अचानक आगजनी मे मासूम गंभीर रूप से झुलस गयी। छप्पर में आग लगने की जानकारी होते ही मां पूनम जब तक पहुंची मासूम काफी झुलस चुकी थी। आननफानन मे परिजन उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। यहां से चिकित्सको ने हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया। सोमवार की ही रात प्रयागराज मेडिकल कालेज मे बच्ची ने बर्न यूनिट मे दम तोड दिया। परिजन देर रात उसका शव लेकर घर लौटे। मंगलवार को सांगीपुर पुलिस पहुंची और मासूम के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। हादसे मे मासूम की झुलसकर मौत से परिजन मंगलवार को विलाप करते दिखे। वहीं गांव के लोगों मे भी मासूम की दर्दनाक मौत को लेकर गम का माहौल देखा गया।

# प्रधानमंत्री की माता के निधन पर व्यापारियों ने जताया शोक

### उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी ने की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के स्वर्गवासी होने पर, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी की अध्यक्षता में जिला महामंत्री संजय सोनी के संचालन में जिला संगठन मंत्री सरदार महेन्द्र सिंह के प्रतिष्ठान रूपम लिबास, पंजाबी मार्केट पर एक शोकाकुल बैठक संपन्न हुई।

शोकाकुल बैठक में शामिल जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी सहित अन्य सभी पदाधिकारी एवं व्यापारी बंधु, भारत के प्रधानमंत्री की मां के साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय जायसवाल की मां स्व. चंपा देवी, चैक डाबर एजेंसी व्यवसाई स्व. राजेश कुमार गुप्ता (मुन्ना) तथा स्व. नारायण खंडेलवाल किराना व्यवसाई के निधन से शोक संतप्त रहे और सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें स्मरण कर नमन किया व उनकी आत्मा की शांति और परिजनों को सहनशक्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। शोक संवेदना में जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी, प्रां.उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, संरक्षक प्रकाश चंद खंडेलवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखन बाबा, जिला महामंत्री संजय सोनी सहित उपस्थित समस्त अन्य पदाधिकारियों व व्यापारियों ने अपने वक्तव्यों में स्व. माताश्री व अन्य दिवंगत लोगों को नमन करते हुए उनका निधन होना दुःखद बताया।



प्रधानमंत्री की माता के निधन पर शोक जताते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

## गलन बढ़ने के बावजूद अलाव नदारद, डीएम से प्रबन्ध कराए जाने की मांग

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पिछले तीन दिनों से मौसम के करवट बदलने से इलाके मे गलन व ठण्ड बढ़ गयी है। सार्वजनिक संस्थानो तथा हाट बाजार लोग मंगलवार को भी ठण्ड के कारण कंपकंपाते दिखे। इसके बावजूद तहसील अथवा नगर पंचायत द्वारा अलाव के प्रबन्ध नाकाफी देखे जा रहे है। तहसील परिसर मे भी अलाव का प्रबन्ध न देख अधिवक्ताओं ने एसडीएम से शिकायत दर्ज करायी। यही हाल चैक तथा मंदिरों व अस्पताल एवं ब्लाक मुख्यालयों पर भी देखा गया। अलाव के प्रबन्ध न होने से नाराज ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने मंगलवार को डीएम को पत्र लिखकर तहसील एवं दीवानी परिसर समेत बस अडडे तथा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव के प्रबन्ध सुनिश्चित कराने को कहा है। वहीं ठण्ड के कारण सरकार द्वारा निराश्रितो के लिए कम्बल जरूर भेजा गया है। किन्तु गांव के हिसाब से सरकारी कम्बलो का कोटा भी न के बराबर होने से वितरण व्यवस्था से सम्बन्धित लोग परेशान देखे जा रहे है।

# खुद की अपील का ही नगर पंचायत नही कर रही अनुपालन

### अतिक्रमण न करने की लोगो को हिदायत, पर खुद पर नहीं है असर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर पंचायत अधिकारी एक तरफ जहां लोगो से सार्वजनिक सड़कों, गलियों, व नालियों पर अतिक्रमण करने को संज्ञेय अपराध कह रहे है, वही खुद एनएच की भूमि से लेकर नाली पर अतिक्रमण कर खुद की अपील को झूठा साबित करने में जुटे है। जो आम लोगो के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

स्थानीय नगर पंचायत अधिकारी सार्वजनिक सड़कों, गलियों व नालियों पर अतिक्रमण को एक संज्ञेय अपराध की संज्ञा दी है। साथ ही इन स्थानों पर अतिक्रमण न करने की अपील की है, लेकिन खुद ही अधिकारी अपनी ही अपील का अनुपालन करते नही दिखाई दे रहे है। स्थानीय नगर स्थित ट्रामा सेंटर के सामने एनएच की ही भूमि पर ओपन पार्क व जिम की जगह उसे चारो तरफ रेलिंग लगाकर बंद करके अतिक्रमण कर लिया गया है।वही एनएच के किनारे बनी नाली पर पत्थर की सीट को रखकर फूट-पाथ को भी बाधित कर दिया गया है। इस अतिक्रमण की वजह से लोगों को पार्किंग के साथ ही आने जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं खुद की अपील का अनुपालन न करने वाली नगर पंचायत दूसरो से क्या उम्मीद करेगी? इस संबंध में ईओ से जानकारी के लिए कई बार फोन किया लेकिन फोन नही रिसीव हुआ। वहीं नगर पंचायत के करनी व कथनी में अंतर को देखकर लोगो के बीच एक चर्चा का माहौल बना हुआ है।



नेशनल हाईवे पर नगर पंचायत ने इस तरह किया है अतिक्रमण।

# जयंती पर याद की गई माता सावित्रीबाई फुले

### समन्वय सेवा संस्थान ने किया आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समन्वय सेवा संस्थान द्वारा आयोजित माता सावित्रीबाई फुले की 192वीं जयंती पर जनपदवासियों ने उन्हें याद कर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया गया। शहर में स्थित उपालि बुद्ध विहार पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य भन्ते अश्वजित द्वारा त्रिशरण व पंचशील से किया गया।

कार्यक्रम केमुख्य अतिथि शिव प्रकाश आचार्य क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान ने कहा की पिता का ह्दय है बेटियां, महिला को हर क्षेत्र मे आगे आने की अवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि बहन ऊषा सुशील शर्मा समाजसेवी प्रयागराज ने कहा समन्वय समिति का नाम ही सर्बसमाज के बीच समन्वय स्थापित करना है। अध्यक्षता कर रहे बहन लीलावती कहा माता सावित्रीबाई फुले जिन संघर्षो के बीच बालिकाओं को शिक्षा देकर समाज को प्रेरित किया है। संचालन अंजनी सरोज ने किया।

पार्वती विश्वकर्मा ने कहा कि आज समाज जो महिलाओं को सम्मान दे रहा है। उसमें माता सावित्रीबाई फुले के संघर्षो को भुलाया नही जा सकता है। इस अवसर पर राम प्यारी, शोभा कनौजिया, सुलोचना राव, सिरजना, अर्चना आनंद, शशि विमल, ऊमा, कंचन, रन्नो कनौजिया, आचार्य उमेश चन्द्र, वेद प्रकाश, दिनेश कुमार, सी0पी0 राव, निशान्त मौर्य, सुरेंद्र प्रताप, अनिल बौद्ध, उमा देवी, अवधेश सरोज, पार्वती विश्वकर्मा, मंजुला, सीमा कैथवास, उषा विश्वकर्मा, रंजू देवी, माधुरी, अनीता देवी, मोहिनी गौतम, शिव प्रकाश आचार्य, राकेश कनौजिया, उमेश चंद्र बौद्ध, राहुल देव, सूरज सिंह कनौजिया, गीतांजलि निर्मल आदि ने अपने अपने विचार रखे। अंत मे कार्यक्रम संयोजक राकेश कनौजिया ने सभी के प्रति आभार जताया।



बुद्ध विहार में आयोजित कार्यक्रम में बोलते अतिथि।

## सावित्री बाई की जयंती पर बालिकाओं को बांटा उपहार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका सावित्री बाई फुले का जन्म दिवस बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में धूमधाम से मनाया गया। इस दिन को बालिका दिवस के रूप में मनाते हुए छात्राओं को पेन बैंक की तरफ से उपहार स्वरूप स्टेशनरी का वितरण किया

गया। इस मौके पर छात्राओं को सावित्री बाई की तरह बनने और उनके द्वारा महिला अधिकारों और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने बताया कि सावित्री बाई फुले ने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर बालिकाओं के लिए स्कूल की स्थापना की थी। उनके संघर्षों को भुलाया नही जा सकता है। संचालन साहिल सरोज ने किया। इस मौके पर खुशबू, लाजो विश्वकर्मा, अंजू,अंशू,सिमरन प्रजापति, नीलम, नैंसी, दामिनी, कोमल, साहिबा समेत छात्राओं को उपहार दिया गया।



मेडिकल कालेज के प्राचार्य के साथ मौजूद व्यापारीगण।

# मेडिकल कालेज के प्राचार्य को दी गई विदाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** डा0 सोनेलाल स्वशासी महाविद्यालय (मेडिकल कालेज) के प्राचार्य डा0 आर्य देश दीपक को व्यापार मण्डल के कार्यकताओं ने उन्हें बुके देकर सम्मानित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 देश दीपक का अन्य जिले में अन्य जिले में स्थानांतरण हुआ है। उनको सम्मानित करने वालों में रतन चंद्र जैन, मो0 सलीम, सोनू खान, व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी आदि व्यापारी ने कहा कि प्राचार्य डा0 आर्य देष दीपक सहज, व्यवहारकुशल तथा योग्य चिकित्सक के रुप में लोगों के बीच में जाने जाते रहे। मेडिकल कालेज की स्थापना के समय ही शासन ने उन्हें एक अच्छा प्राचार्य समझकर प्रतापगढ़ के नए मेडिकल कालेज में भेजा था, जिसके अनुरुप प्राचार्य ने अनेक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई और जिला अस्पताल व महिला अस्पताल की कार्यषैली में बदलाव लाने का प्रयास किया। वक्ताओं ने कहा कि वह जहां भी रहेंगे, जिले के लोग उन्हें हमेषा याद करेंगे।

# स्वच्छ ढाबा अभियान के तहत रेस्टोरेंट का होगा निरीक्षण, 5 से 12 जनवरी तक चलेगा अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश पर प्रदेश के सभी 750 निकायों में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत 5 जनवरी से 12 जनवरी तक स्वच्छ ढाबा अभियान चलाया जायेगा। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक आशीष मिश्रा ने बताया कि निकायों में संचालित ढाबों, रेस्टोरेंट एवं भोजनालयों का निरीक्षण किया जायेगा और मिशन के मानक पर खरा उतरने पर पुरस्कृत किये जाएंगे।

बता दें कि प्रदेश के मुख्य मार्गो पर अधिक संख्या में ढाबा/रेस्टोरेंट संचालित हैं। इन प्रतिष्ठानों से प्रतिदिन भरी मात्रा में अपशिष्ट निकलते हैं। इन्हीं अपशिष्ट के बैज्ञानिक विधि के रूप से निस्तारण करवाने के उद्देश्य से स्वच्छ ढाबा अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के डी पी एम वरुण कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत ढाबों/ रेस्टोरेंट को अपने निकालने वाले अपशिष्टस्ट का निस्तारण खुद ही करना होगा। ढाबों रेस्टोरेंट पर नीला एवं हरा डस्टबिन का डिब्बा भी होना चाहिए। इसके साथ ही इन प्रतिष्ठानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा अभियान के दौरान उनके शौचालय के रख-रखाव और सफाई का भी निरिक्षण किया जाना है। इन मानकों पर जो भी ढाबा और रेस्टोरेंट खरे पाए जायेंगे, उनकी रैंकिंग कर जिला प्रशासन द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया जायेगा। सफाई निरिक्षक संतोष सिंह ने कहा है कि सभी ढाबों और रेस्टोरेंट अपनी तैयारियां पूरी कर लें। शासन कि मंशा के अनुशार ढाबों पर सफाई रखें और कूड़े का निस्तारण भी वैज्ञानिक विधि से करें।

# सेलटैक्स विभाग का प्रवर्तक दल ट्रकों से कर रहे अवैध वसूली, सरकार की छवि को कर रहे धूमिल

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** अभी ब्यापारी जीएसटी टीम से परेशान होकर अपनी दुकानें बन्द कर रहे थे अब सेलटैक्स विभाग के प्रवर्तक दल टीम ट्रकों में लदे माल की अवैध रूप से वसूली को लेकर दुकानदार परेशान हो रहे हैं जिससे बड़े दुकानदारों के साथ खरीददारी कर घर को माल ले जाने के लिए फुटकर खरीददार भी परेशान हो रहे है, जो सिलसिला लगभग एक सप्ताह से चल रहा है।

बताया जाता है कि प्रयागराज की सेल टेक्स विभाग की टीम लगभग एक सप्ताह से नवाबगंज थाना व संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कौशाम्बी गंगापुल से लेकर नरई चैराहा तक जगह जगह खड़े होकर ट्रकों व छोटी गाड़ियों से अवैध रूप से वसूली करके सुबह 11 बजे से शाम लगभग 6 बजे तक वापस चले जाते है ट्रकों में लदा मॉल का पर्चा होते हुए भी परेशान कर रहे हैं। यदि कोई मकान बनवाने के लिए किसी दुकानदार से छोटी गाड़ी 4-5 कुंटल सरिया ले जाता है तो उसका पर्चा मांगते है पर्चा न दिखाने पर मजबूर होकर खरीददार सुविधा शुल्क देकर किसी तरह अपना सामान घर ले जाता है। प्रवर्तक दल प्रतिदिन रास्ते मे कहीं न कही खड़े होकर खुलेआम वसूली करने में नोटो से अपनी जेब गरम रहे है जिससे दुकानदार के साथ माल के खरीददार ग्राहक त्रस्त हो रहे है। खुलेआम प्रवर्तक दल की वसूली से जहाँ आम दुकानदार अपना कारोबार नही कर पा रहे है वही सरकार की छवि को धूमिल करने में कोई कसर बाकी नही छोड़ रहे है जिससे बड़े कारोबार करने वाले ब्यापारी अब त्राहि त्राहि कर रहे है और रह रहकर सरकार की तरफ उंगली उठा रहे है।

## महिला अस्पताल से टोटियां गायब, सीएमएस ने ली क्लास


**प्रतापगढ़।** मेडिकल कालेज महिला अस्पताल में चोर सक्रिय हैं। उन्होंने वाटर बूथ में लगी स्टील की महंगी टोटियों को चुरा लिया है। इसका खुलासा होने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने चैकीदारों को बुलाकर जमकर फटकार लगाते हुए उनसे टोटी लगाने को कहा है। स्टाफ में चर्चा है चैकीदारों की मिली भगत से चोरियां हो रही हैं। इससे मरीज और उनका सामान भी सुरक्षित नहीं रह गया है, जो चिंता का विषय है। महिला अस्पताल में संविदा पर तैनात चैकीदारों की ड्यूटी के दौरान कुछ दिनो पहले वाटर बूथ में लगी टोटियां चोरी हुई थी। खास बात यह है कि चैकीदारों को इसकी भनक तक नहीं लगी। किसी ने सीएमएस को भी बताने की जरूरत नहीं समझी। छुट्टी से लौटी सीएमएस डाक्टर रीना प्रसाद राउंड पर निकली। उनकी नजर वाटर बूथ पर गई। टोटी नदारद देख उनका माथा ठनका। उन्होंने चैकीदारों को बुलाकर पूछताछ की।

# समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही योजनाएंः सांसद

### जन चौपाल कार्यक्रम में सांसद ने की शिरकत

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए। योजनाएं गांवों तक पहुंच रही है या नहीं। जमीनी हकीकत जानने के लिए कौशाम्बी लोकसभा के क्षेत्र में जन चैपाल कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता से सीधे संवाद किया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि सरकार की योजनाएं जरूरतमंदों तक पहुंचे। अधिकारी, कर्मचारी अपने दायित्वों को सही तरीके से निभाएं। शिकायत आने पर किसी को बक्शा नही जायेगा।



उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, कौशांबी सांसद विनोद सोनकर मंगलवार को रामपुर विकासखंड क्षेत्र के रायपुर भटनी, बसन्त राय, जसमेढा एवं महमदपुर चारपुरा गांव में जन चैपाल में आए हुए उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष हरि ओम मिश्र, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र,कमलेश सोनकर, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, खंड विकास अधिकारी अश्वनी सोनकर, उदय शंकर पाण्डेय, अभय प्रताप सिंह पप्पन, ओम प्रकाश पाण्डेय गुड्डु, दिनेश मणि त्रिपाठी, योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, शीतला प्रसाद सोनकर, राम कुमार कोरी, बबलू मिश्र, पप्पू जायसवाल, महेश सिंह फौजी, सन्तोष सिंह, रमेश टाइगर, जय राम यादव, प्रधान संतोष यादव,अजय निर्मल,पुंडरीक मिश्र, गट्टे मिश्र,राम सहाय वर्मा, फूल चंद्र वर्मा, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त विनीत कुमार पुत्र भैरव धोबी उर्फ रामकुमार निवासी व थाना पश्चिम शरीरा को चांदेराई तिराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त शीबू सिंह उर्फ शिवनायक सिंह पुत्र स्व० शिव सिंह निवासी ग्राम भैरमपुर थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### जिला उद्योग समिति की बैठक आज

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद के उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक दिनांक 04 जनवरी 2023 को सायं 04 बजे उदयन सभागार, कलेक्ट्रेट में आहूत की गई है। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग एस0 सिद्दीकी ने दी।

# पुलिस व ग्रामीणों के बीच पथराव चौकी इंचार्ज समेत चार लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के आर्का महाबीर पुर पुलिस चौकी के अंतर्गत अर्का फतेहपुर गांव में अदालत के स्टे के विपरीत निर्माण कार्य को रोकने गए चौकी इंचार्ज और ग्रामीणों के बीच भिड़ंत हो गई है पत्थरबाजी में चौकी इंचार्ज अजीत कुमार उपाध्याय गंभीर घायल हो गए हैं इस विवाद में मुख्य अभियुक्त संतोष कुमार सरोज सहित तीन लोग लहूलुहान हैं पुलिस ने इस हमले में 18 नामजद और 15 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मुख्य अभियुक्त संतोष कुमार समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है घायल चौकी इंचार्ज को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के अर्काफतेहपुर गांव में सोमवार की देर रात अवैध निर्माण की शिकायत मिलने के बाद मौके पर अवैध निर्माण को रोकने गए अर्का महावीरपुर चौकी इंचार्ज अजीत कुमार उपाध्याय को मारपीट और पथराव कर घायल करने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। मंगलवार को पुलिस ने इस मामले में 18 लोगों को नामजद किया है और 15 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य अभियुक्त संतोष कुमार समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। संतोष की बेटियों को भी गिरफ्तार किया गया है। अर्का महावीरपुर चौकी इलाके के अर्काफतेहपुर गांव में संतोष कुमार सरोज का गांव के ही वेद प्रकाश शुक्ला, पिंटू शुक्ला और विनोद कुमार से ढाई बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। सोमवार की देर रात संतोष कुमार सरोज अवैध निर्माण कर रहा था। इसकी जानकारी जब वेद प्रकाश शुक्ला और उनके साथियों को हुई तो उन्होंने घटना की जानकारी करारी थाना पुलिस को दी। पुलिस को बताया कि कोर्ट से स्टे के बाद भी रात के अंधेरे में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जानकारी मिलने पर महावीरपुर चौकी इंचार्ज अजीत कुमार उपाध्याय पुलिसकर्मियों को लेकर गांव पहुंच गए और अवैध निर्माण रोकने का आदेश दिया। इस पर संतोष कुमार सरोज और उनकी बेटी पूजा व नीलम समेत अन्य लोगों ने चौकी इंचार्ज पर हमला कर दिया। लाठी-डंडे से भी वार किया गया। पथराव भी किया गया। इस हमले में अजीत कुमार उपाध्याय के सिर पर चोट लगी है। उनका सिर फट गया है। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ मंझनपुर योगेंद्र कृष्ण नारायण कई थानों की फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गए और चौकी इंचार्ज अजीत कुमार उपाध्याय को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है हमलावर गांव छोड़कर फरार हैं जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।

**18 नामजद 15 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मुख्य अभियुक्त सहित तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार**



घायल चौकी इंचार्ज

## नर्मदानन्द महाराज के आगमन पर उनके दर्शन और आशीर्वाद के लिए भक्तो का उमड़ा हुजूम



महाराज से आशीर्वाद लेते हुए नगरवासी

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** देश की महान विभूति श्री नर्मदानन्द महाराज का अझुवा में आगमन हुआ महाराज के आगमन पर उनके दर्शन और आशीर्वाद के लिए भक्तो का हुजूम उमड़ पड़ा महाराज जी से मिलकर अझुवा से चेयरमैन पद के भाजपा के सम्भावित प्रत्याशी सुष्मिता साहू तथा सुनील साहू ने बिजय का आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज जी 42 शक्तिपीठ दर्शन के लिए अमरकंटक से पद यात्रा द्वारा लगभग 14 माह की यात्रा के उपरांत सोमवार की रात अझुवा नगर में महाराज जी का आगमन हुआ. रात्रि में महाराज जी ने सुनील साहू के घर पर ही विश्राम किया.सुनील साहू और उनकी पत्नी ने महाराज जी से अझुवा के सुख शांति और विकास के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। अझुवा में महाराज जी के स्वागत में सुष्मिता साहू, सुनील साहू के साथ भाजपा जिला मंत्री शीलू पाण्डेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय आदित्य केसरवानी विमल अग्रहरि, जयचन्द यादव मनीष साहू वासुदेव शर्मा आनंद केसरवानी संजय केसरवानी रमेश यादव के साथ तमाम लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

## कथित दूध डेयरी अवैध शराब फैक्ट्री में प्रशासन ने मारा छापा, हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के धुमाई ग्राम सभा मे अवैध शराब फैक्ट्री में एसडीएम और सीओ के नेतृत्व में सैनी पुलिस ने छापा मार दिया कथित दूध डेयरी में अवैध शराब का कारखाना चलाया जा रहा था चौकी इंचार्ज अझुवा गौरव त्रिवेदी को कुछ समय से गुप्त सूचना मिल रही थी कि धुमाई ग्राम सभा मे पूर्व प्रधान हेमराज सिंह उर्फ राजबाबू सिंह की दूध डेयरी में बड़ी मात्रा में शराब कारखाना चलाया जा रहा है लेकिन पूर्व प्रधान के रुतबा और ठोंस जानकारी के अभाव में चौकी इंचार्ज गौरव त्रिवेदी शांत हो जाते रहे बीती देर रात खास खबरी की सटीक सूचना पर आज मंगलवार दोपहर पूर्व प्रधान राजबाबू सिंह के कथित दूध डेयरीफार्म में अपने उच्च अधिकारियों को सूचना देते हुए मय हमराहियों छापा मार दिया जिसमें 30 कुन्तल (3 हजार किलो) अर्ध निर्मित शराब लहन और 360 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया मौके पर 4 अभियुक्त जिनमे विवेक प्रताप सिंह पुत्र हेमराज सिंह उर्फ राजबाबू सिंह,राहुल गुप्ता पुत्र विजय गुप्ता,आकाश पुत्र प्रमोद,हरिश्चंद्र पुत्र माता बदल को पुलिस ने हिरासत में लिया है इन्हें पुलिस ने सम्बंधित गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत चालान किया है पुलिस के अनुसार मुख्य अभियुक्त सहित 2 अभियुक्त फरार हैं जिन्हें शीघ्र ही हिरासत में लिया जाएगा ।मौके से एक स्पेंलेण्डर मोटरसाइकिल और शराब बनाने के उपकरण मौके पर जल रही अवैध शराब भट्ठियों एवम 30 कुन्तल अर्धनिर्मित लहन को मौके पर नष्ट करवा दिया इस कार्रवाई में एसडीएम सिराथू राहुल देव भट्ट,सीओ सिराथू डॉ कृष्ण गोपाल सिंह थाना प्रभारी सैनी भुवनेश चौबे चौकी इंचार्ज अझुवा गौरव त्रिवेदी बीट सिपाही नवनीत यादव,अभिषेक मिश्रा, राहुल,गुलशन,अरविंद सहित शाशन प्रशासन के लोग मौजूद रहे इस छापा मार कार्रवाई से क्षेत्र में सनसनी मची हुई है।

**एसडीएम सीओ के नेतृत्व सैनी कोतवाली पुलिस ने धुमाई गांव में मारा छापा**



शराब बरामद करती पुलिस

## न्यूज झरोखा

### दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान के साप्ताहिक बन्दी के जिलाधिकारी ने दिए आदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा-8 (1) सहपठित उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान नियमावली 1963 के नियम-6 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद के उन सभी दुकानों एवं वाणिज्य अधिश्ठानों के साप्ताहिक बन्दी दिवस के आदेश दियें है, जहॉ पर अधिनियम के प्राविधान लागू होते हैं। यह आदेश दिनांक 01 जनवरी 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक प्रभावी रहेंगा।श्रम प्रवर्तन अधिकारी महन्थ प्रजापति ने बताया कि दिन सोमवार को टाउन एरिया भरवारी की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। इसी प्रकार दिन मंगलवार को टाउन एरिया सिराथू की समस्त दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान एवं दिन बुधवार को टाउन एरिया चरवा, देवीगंज, कड़ा एवं मंझनपुर की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान (चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त दुकान व वाणिज्य अधिष्ठान को छोड़कर) तथा दिन बृहस्पतिवार को टाउन एरिया-करारी, सराय अकिल एवं पश्चिम-पूरब शरीरा की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि दिन शुक्रवार को टाउन एरिया अझुवा की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, दिन शनिवार को टाउन एरिया चायल की समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान तथा दिन रविवार को टाउन एरिया मंझनपुर में चौराहा मंझनपुर से समदा मार्ग पर स्थित समस्त दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान बन्द रहेंगी।

### दुकान में बैठी नाबालिग बालिका से छेड़खानी विरोध पर पीटा

**थाने से न्याय ना मिलने पर पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुची माँ बेटी**

**टेडीमोड कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के नौढिया करेंटी में दुकान में बैठी नाबालिग बालिका को घर से खींच कर दबंगो ने छेड़खानी की बिरोध करने पर दबंगो ने बालिका को बेरहमी से पीटा है कोखराज थाने से न्याय ना मिलने पर पुलिस अधीक्षक की चौखट पर माँ बेटी ने न्याय की फरियाद की है। जानकारी के मुताबिक नौढिया करेंटी गांव की रानी देवी पत्नी शिवप्रकाश ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसने परिवार का भरण पोषण करने के लिए एक छोटी सी किराना की दुकान खोल रखी है जिस पर शाम को उसकी बेटी निधि बैठी थी उसी समय गांव के शिव पांडेय, सहित नौ लोग दुकान पर आकर गुटका मांगे, जैसे ही बेटी गुटका देने लगी उसका हाथ पकड़कर बाहर खींच लिया और अपने साथ ले जाने लगे उसके चिल्लाने पर मैं बाहर आई तो मुझे व बेटी को मारा पीटा। तब तक बेटे ने 112 नंबर डायल किया । पुलिस के सायरन की आवाज सुनकर दबंग वहीं पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए पीड़ित ने बताया कि जिसकी शिकायत थाना पर की गई लेकिन वहां कोई सुनवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

### 36 लीटर अवैध शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एव तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानो द्वारा कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 36 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय किया गया जानकारी के मुताबिक थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बहोरे पुत्र राम अवतार निवासी ग्राम महावा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 06 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामचरण पुत्र स्व राम शरण निवासी मुबारकपुर थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राम लोचन पुत्र मैकू लाल निवासी नन्दा का पुरवा थाना सराय अकील को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### दोषी शिक्षाकर्मियों की गिरफ्तारी में हीला हवाली कर रही पुलिस

**कौशांबी।** बेसिक शिक्षा विभाग में रसोईया की फर्जी नियुक्ति दिखाकर वेतन निकाल लिए जाने के मामले में दोषी पाए गए शिक्षा अधिकारी और शिक्षाकर्मियों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने के कई सप्ताह बाद भी दोषी शिक्षाकर्मी और दोषी शिक्षा अधिकारियों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर रही है रसोइया की फर्जी नियुक्ति के मामले में जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच कराई गई थी जांच के दौरान 50 लाख रुपए से अधिक सरकारी धन के फजीवाड़े का खुलासा हुआ था गबन के आरोप में कई शिक्षा कर्मियों को विभाग ने बर्खास्त कर दिया है और कई शिक्षा अधिकारी और कई शिक्षा कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद सरकारी रकम के गबन के आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है आखिर सरकारी रकम गबन के दोषियों की गिरफ्तारी में हीला हवाली कहां से शुरू हो गई है।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 08 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से एक थाना कौशाम्बी से तीन थाना कोखराज से एक थाना कड़ाधाम से तीन कुल 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 158 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 04 वाहनों से 2000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त विमल भास्कर उर्फ नितिन श्रीवास्तव पुत्र कैलाश बिहारी श्रीवास्तव निवासी कोरों साई धाम थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## मनरेगा योजना में करोड़ों की रकम हो गई खर्च मजदूरों को नहीं मिला काम

**सरसवा विकासखंड में मजदूरों को काम देने के बजाय पक्के निर्माण कार्यों में अधिक खर्च की जा रही है मनरेगा की रकम**

**कौशाम्बी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के जरिए बेरोजगारों को रोजगार देने का जिम्मा केंद्र सरकार ने उठाया है लेकिन अधिकारियों के कमीशन खोरी के चलते मजदूरों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में काम नहीं मिल रहा है और उसके बाद भी करोड़ों रुपए की रकम योजना से निकालकर जिम्मेदार कमीशन खोरी में मशगूल है सूत्र बताते हैं कि सरसवा विकासखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना में जमकर धांधली हुई है मजदूरों को काम देने के बजाय पक्के निर्माण कार्यों में मनरेगा योजना की करोड़ों की रकम खर्च कर खुलेआम कमीशन खोरी हुई है सूत्रों की मानें तो 80% रकम पक्के निर्माण कार्यों में मनरेगा योजना की खर्च की गयी है। सरसवा विकासखंड क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के नियम कायदे की धज्जियां बेखौफ तरीके से उड़ाई गई हैं और खंड विकास अधिकारी सरसवा तमाशबीन बने हुए हैं बीते 3 महीने में 2 करोड़ रुपए से अधिक की रकम मनरेगा योजना में भुगतान किए जाने के बाद भी मजदूरों के खाते में रकम नहीं पहुंच सकी है मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहे हैं जिससे वह पलायन करने को मजबूर है अंधेर गर्दी की हद तो तब हो गई जब खुलेआम मनरेगा योजना के कार्यों में रेशियों के अनुपात की धज्जियां उड़ाई जाने के बाद भी आला अधिकारियों ने अभी तक मामले को संज्ञान लेकर दोषियों को दंडित करने का प्रयास नहीं किया है जिससे मनरेगा योजना में धांधली करने वाले बेखौफ दिखाई पड़ रहे हैं यदि सरसवा विकासखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना में करोड़ों की धांधली करने वाले अधिकारियों के कारनामों को संज्ञान लेकर शासन प्रशासन ने जांच कराई तो मनरेगा प्रभारी के साथ साथ कई अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ना तय है मनरेगा प्रभारी विजय प्रकाश श्रीवास्तव से बात की गई तो उनका कहना है कि जिला स्तर पर रेशियो का प्रतिशत मेंटेन होना चाहिए गांव स्तर पर रेशियो का कोई मतलब नहीं है।

## फजीहत : पुलिसिया किरकिरी बना बीट का सिपाही

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कहते है अगर बीट का सिपाही, लेखपाल , ग्राम सेवक सुधर जाएं तो भ्रस्टाचार पर पचास फीसदी नही बल्कि पूरे सौ फीसद अंकुश लगाया जा सकता है। लेकिन आए दिन बीट के सिपाही के चलते पुलिस विभाग की किरकिरी होती रहती है ऐसा ही एक मामला सिराथू नगर पंचायत का है जिसमे सिराथू चौकी के बीट के सिपाही विजय सिंह ने कब्जेदार माफिया को न केवल क्लीन चिट दे दी बल्कि गृह स्वामी होने का सबसे बड़ा प्रमाणपत्र भी दे दिया। उसका क्लीनचिट देना पुलिस के लिए फजीहत बनाता जा रहा है। मालूम हो जब एक निःसंतान दंपत्ति के बीमार होने पर देखने के बहाने घुसे रिश्तेदार ने घर मे डेरा डालकर कुंडली मार लिया। वहीं प्रशासन के नुमाइंदे भी वृद्धा के साथ न्याय के बजाय ज्यादती करने से बाज नही आ रहे हैं। पति के मरने के बाद बेसहारा वृद्धा अधिकारियों की चौखट पर न्याय की गुहार लगा रही है।

मालूम हो सिराथू के वार्ड न0 7 में वृद्ध दंपति रहा करता था उनके कोई औलाद नही थी रिश्तेदार थे लेकिन उनकी निगाहें हमेशा उनकी जायदात पर टिकी रहती थी जैसे ही वृद्धा सुमित्रा देवी के पति रामसिंह बीमार हुए उन्हें देखने के बहाने घुसा रिश्तेदार दोबारा फिर घर से नही निकला बल्कि सुमित्रा देवी के पति के मरने के बाद वृद्धा सुमित्रा देवी को ही बेघर कर दिया जिसके चलते वृद्धा अपने साथ हुए ज्यादती की गुहार लगा रही है। मजे की बात तो तब हुई जब सुमित्रा देवी ने आईजीआरएस के माध्यम से सूबे के मुखिया से गुहार लगाई। सिराथू चौकी के चौकी इंचार्ज व सिपाही विजय सिंह आईजीआरएस को जल्दी से निपटाने के चक्कर मे ऐसी रिपोर्ट लगाई की एक बार अदालत में बैठे मीलाड भी झेंप जाए। एक साल पहले सुमित्रा के पति का देहांत हुआ था उसी समय कथित रिश्तेदार ने सुमित्रा देवी के घर मे इंट्री मारी थी। लेकिन सिपाही ने रिपोर्ट में दशार्या की उसका रिश्तेदार उन दोनों की देखभाल, दवा, भोजन इत्यादि की जिम्मेदारी उठाता था जिसके चलते उसके मामा ने उसे जमीन दान दे दिया था उसी में उसने माकान बना लिया और वर्षों से उसमे रहता आ रहा है। वहीं वृद्धा सुमित्रा देवी की माने तो चौकी में रिपोर्ट मोटी रकम के चलते लगाई गई है जिसके चलते उसे न्याय की जगह दुत्कार मिल रही है यही नही उसे सिर छुपाने के लिये दूसरों के यहाँ शरण लेनी पड़ रही है। सवाल उठता है कि ऐसे सिपाही-दरोगा कैसे चौकी थाने में कब्जा जमाये बैठे है जिन्हें शाशन-प्रशासन तक को गुमराह करने में भी तनिक भी न डर रहता है न ही संकोच। ऐसे जिम्मेदारों के चलते लगभग एक वर्ष से वृद्धा सुमित्रा देवी दर-दर भटकने को मजबूर हो रही है। घर होते हुए भी रिश्तेदारों के यहाँ शरण लेनी पड़ रही है। वहीं अधिकारियों के इकबाल पर ऐसे जिम्मेदार-सिपाही बदनुमा दाग बन रहे है।

**बेसहारा वृद्धा का मायके जाना बना अभिशाप, घर मे कुंडली मारकर बैठा रिश्तेदार**



## कौशांबी के सरकारी चिकित्सक का प्रयागराज में चल रहा बड़ा निजी नर्सिंगहोम...

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से कौशांबी में तैनात एक सरकारी चिकित्सक का निजी नर्सिंग होम प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र में संचालित हो रहा है शहर के आलीशान अस्पताल में कौशांबी में तैनात सरकारी चिकित्सक मरीजों का इलाज करते देखे जाते हैं बताया जाता है कि यह सरकारी चिकित्सक पहले चायल क्षेत्र में तैनात थे और इन दिनों सिराथू क्षेत्र में इनकी ड्यूटी मरीजों के इलाज के लिए लगाई गई है लेकिन यह सरकारी चिकित्सक अपनी ड्यूटी कर मरीजों का इलाज करने के बजाय प्रयागराज में संचालित अपने निजी नर्सिंग होम में अधिक समय देते हैं जिससे कौशांबी जिले के सरकारी अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है कई वर्षों से निजी नर्सिंग होम संचालित होने के बाद प्रत्येक महीने इनका वेतन देने में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी कोई सवाल जवाब नहीं करते हैं जिससे मुख्य चिकित्सा अधिकारी की भी लापरवाही लगातार उजागर हो रही है। बताया जाता है कि सरकारी वेतन लेकर प्रयागराज में निजी नर्सिग होम संचालित करने वाले चिकित्सक चायल तहसील क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले हैं जिससे स्वास्थ्य विभाग में उनका बड़ा दबदबा है और कभी शासन स्तर से उन पर कार्यवाही का फरमान भी आया तो माननीय भी योगी सरकार के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए इस कामचोर चिकित्सक को बचाने में लग जाते हैं अब सवाल उठता है कि जब योगी सरकार के माननीय ही उनके निदेर्शों की धज्जियां उड़ाने में आगे आएंगे तो कैसे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद लगाई जाएगी काम को चोर चिकित्सक को कौशांबी सीएमओ द्वारा वेतन दिए जाने के मामले की यदि योगी सरकार ने जांच कराई तो कामचोर चिकित्सक के साथ-साथ सीएमओ की भी मुसीबत बढ़ना तय है लेकिन क्या योगी सरकार में कामचोर चिकित्सक के कारनामे पर निष्पक्ष जांच हो पाएगी यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल है इलाके के लोगों ने ड्यूटी छोड़कर गायब रहने वाले उक्त चिकित्सक के कारनामे की ओर जिला अधिकारी और मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

**आए दिन ड्यूटी से गायब रहकर सरकारी चिकित्सक निजी नर्सिग होम में देते हैं पूरे समय सेवा, सरकारी चिकित्सक की लापरवाही के बाद भी सीएमओ कौशांबी ने नहीं किया चिकित्सक पर कठोर कार्यवाही**




### रेप पीड़िता बालिका के पिता को दिन दहाड़े उठा ले गए गुंडे

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव की एक नाबालिग बालिका के साथ 4 माह पूर्व रेप की घटना में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित शिवमूरत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था शिवमूरत जेल में बंद है पीड़ित बालिका का पिता 3 जनवरी को उच्च न्यायालय प्रयागराज जा रहा था जैसे ही वह पिपरी थाना क्षेत्र के गुंगवा बाग के पास पहुंचा की आधा दर्जन लोग मार्शल गाड़ी से दिनदहाड़े पीड़ित बालिका के पिता का अपहरण कर उठा ले गए हैं पीड़ित बालिका का पिता हाईकोर्ट नहीं पहुंच सका जिस पर उनके वकील ने पीड़ित बालिका के परिजनों से बात की है महिला ने मामले की सूचना डायल 112 और आईजीआरएस के माध्यम से अधिकारियों को दे दी है।

**दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार :** कौशाम्बी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मझनपुर पुलिस बल द्वारा तीन वांछित अभियुक्तों विमल सिंह उर्फ शुभम सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह त्रिभुवन सिंह पुत्र बचन सिंह रेखा देवी पत्नी त्रिभुवन सिंह निवासीगण लोचना थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## पिता की मशीनरी दुकान से फर्जी बिल लगाकर मालामाल हुआ पंचायत सचिव

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था को पलीता लगाने में एक पंचायत सचिव बड़ी तेजी से लगा है पिता की मशीनरी स्टोर की दुकान से हैंडपंप रिबोर मरम्मत के नाम पर सैकड़ो फर्जी बिल वाउचर लगाकर भुगतान कराने में पंचायत सचिव सफल हो चुका है कौशाम्बी विकासखंड क्षेत्र में तैनात इस पंचायत सचिव के पिता की सराय अकिल में मशीनरी स्टोर की दुकान है जिस ग्राम पंचायत में इस पंचायत सचिव को तैनाती मिलती है उस गांव पंचायत के हैंडपंप मरम्मत रिबोर का फर्जी बिल इसके पिता की दुकान से पहुंच जाता है पिता की मशीनरी स्टोर की दुकान से सैकड़ो फर्जी बिल वाउचर लगाकर हैंडपंप रिबोर मरम्मत का ड्रामा कई वर्षो से पंचायत सचिव द्वारा किया जा रहा है पिता की दुकान के फर्जी बिल रसीद के आधार पर हैंडपंप मरम्मत के नाम पर सरकारी खजाने को खाली करने में पंचायत सचिव तेजी से लगा है लेकिन जिले से लेकर ब्लॉक स्तर तक के अधिकारी पंचायत सचिव के भ्रष्टाचार पर अभी तक जांच करा कर कार्यवाही नहीं कर सके हैं सूत्रों की माने तो हैंडपंप की मरम्मत और हैंडपंप रिबोर के नाम पर फर्जी बिल वाउचर के जरिए करोड़ों का भुगतान कराने में पंचायत सचिव सफल हो चुका है भ्रष्टाचार में लिप्त पंचायत सचिव के कारनामे की यदि आला अधिकारियों ने जांच कराई तो पंचायत सचिव की मुश्किल बढ़ना तय है। चर्चाओं पर जाए तो पिता की दुकान के फर्जी बिल बाउचर के सहारे कर सरकारी खजाने को लूटने में लगे पंचायत सचिव ने देखते-देखते अकूत संपत्ति अर्जित की है सराय अकिल कस्बे के बहुगुरा रोड पर करोड़ों रुपए कीमत की आलीशान बिल्डिंग का निर्माण पंचायत सचिव ने कराया है राजा महाराजा की तरह लग्जरी वाहनों से सफर करना पंचायत सचिव की शानो शौकत बन गया है आखिर रातों-रात पंचायत सचिव ने करोड़ों की संपत्ति कहां से अर्जित की है यह भी बड़ी जांच का विषय है लेकिन तमाम शिकायतों के बाद भी योगी सरकार में भ्रष्टाचार के जरिए मालामाल होने वाले पंचायत सचिव के गुनाहों पर जांच नहीं शुरू हो सकी है जिससे योगी सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**पिता की दुकान के फर्जी बिल बाउचर के सहारे पंचायत सचिव ने अर्जित की अकूत सम्पत्ति, राजा महाराजा की तरह लग्जरी वाहनों से सफर करना पंचायत सचिव का बना शानो शौकत**



संपादकीय

## बच्चों की मौत का जिम्मेदार कौन? जवाब दें फार्मा कंपनियां

बीते कुछ दिनों में दो खबरें आईं, जिससे भारत के फार्मा सेक्टर की छवि पर गहरा असर पड़ा है। पहले तो अफ्रीकी देश गाम्बिया में एक भारतीय फार्मा कंपनी का सिरप पीने के कारण 60 से अधिक शिशुओं का निधन हो गया। कहना न होगा कि उस घटना से देश के फार्मा सेक्टर की भारी बदनामी हुई है। हालांकि, सिरप बनाने वाली कंपनी का दावा है कि उसकी सिरप में कोई गड़बड़ नहीं थी। अब उज्बेकिस्तान ने भी आरोप लगाया कि भारत में बना कफ सिरप देने की वजह से उनके देश में भी 18 बच्चों की जान चली गई। इस मामले में हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने जांच में सहयोग करने की बात कही। वहीं, भारत सरकार ने भी उज्बेकिस्तान सरकार के आरोपों की जांच का फैसला किया है। उज्बेकिस्तान ने कहा नोएडा की एक फार्मा कंपनी में बना कफ सिरप पीने से उनके यहां बच्चों की जान चली गई है। उज्बेकिस्तान का दावा है कि कफ सिरप में एथिलीन ग्लाइकॉल है, जो कि विषैला पदार्थ होता है। इसके इस्तेमाल से उल्टी, बेहोशी, ऐंठन, किडनी फेलियर और दिल से जुड़ी समस्या हो सकती है। जब बच्चों को यह सिरप पिलाई गई तो एक दर्जन से ज्यादा बच्चों की जान चली गई। बेशक, ये दोनों मामले बहुत गंभीर और दुखद हैं। इनकी तह तक जाँच भी होनी चाहिए और दोषियों को सख्त सजा भी मिलनी चाहिये। कहना न होगा कि भारत के संबंधित विभागों को सारे मामले की निष्पक्ष जांच करनी होगी। जांच के बाद अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उस पर कठोर एक्शन भी लेना होगा। इन घटनाओं पर लीपापोती नहीं की जा सकती। ये अक्षम्य अपराध है। भारत का फार्मा क्षेत्र का निर्यात 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक का माना जाता है। पर यह याद रखना होगा कि हमारे फार्मा सेक्टर की ग्रोथ पर नकारात्मक असर पड़ सकता है, अगर हमने आगे चलकर अपने उत्पाद विश्व स्तरीय न बनायें। वैसे भी हमारी फार्मा कंपनियों पर आरोप लगता ही है कि वे अनुसंधान पर बहुत कम धन खर्च करती हैं। हां, इस बाबत कुछ ही कंपनियां अपवाद हैं। किसी भी ईमानदार जांच से पता चल जाएग कि हमारी अधिकतर फार्मा कंपनियां नई दवाओं को ईजाद करने में बहुत कम निवेश करती हैं। याद रखिए कि बड़ी कंपनी वही होती है जो नई-नई दवाओं को ईजाद करती है। किसी कंपनी की पहचान इसलिए नहीं होती कि उसका मुनाफा या निर्यात कितना है और कितना बढ़ रहा है। बड़ी कंपनी वही मानी जाती है जो अनुसंधान कर नई नई असरदार दवायें मार्केट में लाये। बहरहाल, बच्चों की मौतों के बाद उज्बेकिस्तान और भारत में जांच शुरू हो चुकी है। उत्तर प्रदेश ड्रग कंट्रोलिंग एंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी ने एक जॉइंट इन्क्वायरी शुरू कर दी है। देखिए, भारत का मित्र है उज्बेकिस्तान। सोवियत संघ के विघटन के बाद से भारत- उज्बेकिस्तान के सम्बन्ध लगातार करीब आते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने 1993 में उज्बेकिस्तान की यात्रा की थी। उस दौरान, दोनों देशो के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग पर हस्तक्षार हुए साथ ही ताशकंद के विश्व आर्थिक और कूटनीति विश्वविद्यालय में इंडियन चेयर की घोषणा और ताशकंद में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना की गयी।

## शिक्षा का बड़ा केंद्र बने भारत

**संजीव ठाकुर**

**विगत** दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है' इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है' इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है' भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम खर्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है।

# नोटबंदी पर अब चर्चा बंद होनी चाहिए

**राजेश माहेश्वरी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 8 नवम्बर 2016 की रात 8 बजे ज्योंही टीवी पर नोटबंदी के निर्णय की जानकारी दी, पूरे देश में हडकम्प मच गया। 1000 और 500 रुपये के नोटों को अचानक बंद करने के मोदी सरकार के फैसले की काफी आलोचना हुई थी। इस कदम की वजह से रातों-रात 10 लाख करोड़ रुपये चलन से बाहर हो गए। इसके पीछे उनका उद्देश्य देश में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना और काले धन के प्रवाह को रोकना था। विपक्ष लगातार सरकार को घेर रहा था। विरोध में 58 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गईं। आखिरकार देश की सर्वोच्च अदालत ने साल 2016 में हुई नोटबंदी के खिलाफ दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुना दिया है। राजनीतिक रूप से काफी चर्चा में रहे इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने साफ कह दिया है कि इसमें कोई त्रुटि नहीं थी। याचिकाकताओं ने मुख्य रूप से यह दलील रखी थी कि आरबीआई ऐक्ट की धारा 26(2) का पालन नहीं किया गया। इसके तहत ही आरबीआई को नोट बदलने का अधिकार मिलता है। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के ताजे फैसले ने मोदी सरकार को बड़ी राहत दी है। पीठ ने बहुमत से माना है कि नोटबंदी का उद्देश्य ठीक था। गौर करने वाली बात यह है कि कोर्ट ने कहा है कि नोटबंदी का उद्देश्य ठीक था, भले ही वह उद्देश्य पूरा हुआ हो या न हुआ हो... निर्णय लेने की प्रक्रिया या उद्देश्य में कोई गलती नहीं थी। नोटबंदी का मकसद काले धन की समाप्ति, नगदी रहित लेन देन को बढ़ावा, नकली मुद्रा को रोकना और नक्सलियों सहित आतंकवादी संगठनों की आर्थिक आपूर्ति बंद करना था। हालांकि उस फैसले को उचित बताने वाले भी मानते हैं कि वह कदम बिना पर्याप्त तैयारी के उठाया गया जिससे जनता को अकल्पनीय परेशानी उठाना पड़ी। बैंकों के सामने लगी लाइनों के चित्र खूब प्रचारित हुए। भारत में अब तक तीन बार नोटबंदी हो चुकी है। पहली बार भारत में सन 1938 में 1000, 5000 और 10,000 रुपए के नोट जारी हुए थे, लेकिन जनवरी 1946 में अंग्रेज सरकार ने डिमॉनेटाइजेशन का फैसला लिया और इन नोटों को अचानक बंद कर दिया। दूसरी बार नोटबंदी वर्ष 1978 में हुई थी। उस समय की मोरारजी देसाई सरकार ने नोटबंदी का फैसला लागू किया था। उस दौरान भी 1000, 5000 और 10,000 रुपये के नोट बंद किए गए थे। भारत में तीसरी बार नोटबंदी 8 नवंबर 2016 को हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान 500 और 1000 रुपए का नोट बंद कर दिया। मोदी सरकार ने वर्ष 2016 में एकाएक 500 और 1000 के पुराने नोट तो बंद कर दिए गये लेकिन बैंकों में नई मुद्रा उपलब्ध न होने से विकट स्थिति आ खड़ी हुई। उस दौरान बैंकों में भ्रष्टाचार की शिकायतें भी खूब आईं। पेट्रोल पम्प के अलावा, सरकारी देनदारी के भुगतान में प्रतिबंधित मुद्रा स्वीकार किये जाने की छूट ने नोटबंदी के लाभ को काफी कम किया क्योंकि लोगों ने अपना काला धन उसके जरिये ठिकाने लगा दिया। आभूषणों की दुकानों में रात 12 बजे तक भारी भीड़ उमड़ी। उस निर्णय को इस हद तक गोपनीय रखा गया था कि मंत्रीमंडल के कुछ को छोड़कर शेष सदस्य तक भौचक रह गए। बैंको की लाइन में कुछ लोगों की मौत होने से विपक्ष को बड़ा मुद्दा मिल गया। यद्यपि फरवरी 2017 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत ने उस फैसले पर जनता की मुहर लगवा दी। प्रधानमंत्री ने उस चुनाव में नोटबंदी को मुद्दा बनाते हुए ये बात कही कि वह काला धन रखने वालों के विरुद्ध थी न कि आम जनता के। उनकी बात लोगों के गले भी उतरी। हालांकि काले धन की समस्या उससे कितनी हल हुई ये स्पष्ट नहीं हो सका क्योंकि 500 और 1000 के जितने नोट चलन में थे उससे ज्यादा बैंकों में लौट आने की बात विपक्ष साहित अन्य लोगों द्वारा उठाई जाती रही। इससे ये अवधारणा फैली कि नकली नोट भी बैंकों में पहुंच गए। रिजर्व बैंक आज तक इस बारे में ठोस स्पष्टीकरण नहीं दे पाया। यद्यपि उसने कुछ सीलबंद जानकारी सर्वोच्च न्यायालय को सौंपी है। नोटबंदी से क्या फायदा ये किसी को नहीं पता। हालांकि सरकार का तर्क है कि नोटबंदी के बाद टैक्स कलेक्शन बढ़ा और कालेधन में इस्तेमाल होने वाला पैसा सिस्टम में आ चुका है, लेकिन इससे जुड़े कोई आंकड़े इतने साल बाद भी सामने नहीं आए हैं। हालांकि ठप के आंकड़े कहते हैं कि नोटबंदी के दौरान बंद हुए 99.30 फीसदी 500 और 1000 के पुराने नोट बैंक में वापस आ गए। एक अच्छे निर्णय के क्रियान्वयन में हुई गलतियों को जानने-समझने पर उनके दोहराव से बचा जा सकता है। हालांकि उस फैसले के जो उद्देश्य थे वे काफी हद तक पूरे हुए हैं। मसलन नक्सलियों और आतंकवादियों का अर्थतंत्र कमजोर हुआ और डिजिटल लेनदेन भी लगातार बढ़ रहा है।



> काले धन की समस्या यथावत है। जिसका प्रमाण 2 हजार के नोटों का बाजार से गायब होता जाना है। दरअसल नोटबंदी के पीछे जो सोच थी उसे आधा-अधूरा लागू किया गया। 2 हजार का नोट जारी करना औचित्यहीन था। इससे काला धन जमा करने वालों को आसानी हो गयी। होना तो ये चाहिए कि 100 रुपये के नोट से बड़ी मुद्रा रहे ही नहीं। जब तक बड़े नोट रहेंगे काला धन तिजोरियों में बंद होता रहेगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि नोटबंदी ने उनके वित्त पोषण में कटौती की, जिससे आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी में भी उल्लेखनीय कमी आई

लेकिन काले धन की समस्या यथावत है। जिसका प्रमाण 2 हजार के नोटों का बाजार से गायब होता जाना है। दरअसल नोटबंदी के पीछे जो सोच थी उसे आधा-अधूरा लागू किया गया। 2 हजार का नोट जारी करना औचित्यहीन था। इससे काला धन जमा करने वालों को आसानी हो गयी। होना तो ये चाहिए कि 100 रुपये के नोट से बड़ी मुद्रा रहे ही नहीं। जब तक बड़े नोट रहेंगे काला धन तिजोरियों में बंद होता रहेगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि नोटबंदी ने उनके वित्त पोषण में कटौती की, जिससे आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी में भी उल्लेखनीय कमी आई।

आईटी विभाग के आंकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2015 में दाखिल किए गए आयकर रिटर्न की संख्या में 6.5 फीसदी की वृद्धि हुई है। 31 मार्च 2022 को खत्म हुए पिछले वित्त वर्ष (2021-22) में 7.14 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे। यह 2020-21 में दायर 6.97 करोड़ की तुलना में अधिक था। ये रिटर्न सामूहिक रूप से मनी लॉन्ड्रिंग और अस्पष्ट नकदी की जांच के लिए पर्याप्त जानकारी प्रदान करते हैं। यह प्रदर्शित करता है कि बड़ी संख्या में लोग अब कर प्रणाली में प्रवेश कर चुके हैं और वह धन जो पहले असूचित लेनदेन में उपयोग किया जाता था अब वैध गतिविधियों में उपयोग किया जाता है। नोटबंदी के बाद देश में डिजिटल लेनदेन को बड़ा उछाल देखा गया है। वित्त वर्ष 2015-16 देश में होने वाले कुल लेनदेन में डिजिटल लेनदेन की हिस्सेदारी 11.26 प्रतिशत थी, जो वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़कर 80.40 प्रतिशत ही गई है और वित्त वर्ष 2026-27 में इसके 88 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है।

योजना को पूरी तरह विफल कहना केवल मुद्दे का राजनीतिकरण करने से अधिक कुछ और नहीं है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि वे हमारे लिए कठिन समय नहीं थे। देशवासियों द्वारा सहन की जाने वाली अल्पकालिक पीड़ा अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक लाभकारी होगी। वैसे भी मुद्रा संबंधी बदलाव जल्दी-जल्दी होने से सरकार की छवि खराब होती है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने सरकार की नीति और नीयत दोनों को सही ठहरा दिया है। इसके बाद जरूरत इस बात की है कि नोटबंदी के फायदे और नुकसान का आकलन करते हुए भविष्य की रूपरेखा बनाई जाए क्योंकि उसके बाद आई मंदी किसी न किसी रूप में जारी है। जिसे दूर करने के बारे में ठोस और दीर्घगामी कदम उठाये जाने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्णय से नोटबंदी की वैधानिकता पर मंडराते बादल तो दूर हो गये हैं। किन्तु नोटबंदी के जो बुरे प्रभाव हैं उनका भी ईमानादारी और राजनीति से ऊपर उठकर विश्लेषण किया जाना जरूरी है।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

# अब पूरी दुनिया में बजेगा मोटे अनाज का डंका

**मृत्युंजय दीक्षित**

**एक** जनवरी 2023 से अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष आरम्भ हो गया है इसके फलस्वरूप सभी घरों की थालियों से गायब हो चुके मोटे अनाज के दिन फिर से बहुरने वाले हैं। मोटा अनाज और उनकी कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए स्वयं प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत सरकार ने कमर कस ली है। भारत इस वर्ष शंघाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (एससीओ) तथा जी 20 जैसे अंतरराष्ट्रीय समूहों की अध्यक्षता कर रहा है देश के 55 शहरों में जी 20 सम्मेलन होने जा रहे हैं इसके अतिरिक्त भी इस वर्ष कई मेगा इवेंट देश में होने जा रहे हैं। मोटे अनाज को प्रोत्साहन देने के लिए इन अवसरों का भरपूर लाभ लिया जायेगा। सभी सम्मेलनों में कृषि मंत्रालय व खाद्य मंत्रालय तथा राज्य सरकारों के सहयोग से मोटे अनाजों से बने उत्पादों का ही प्रदर्शन किया जायेगा व देश विदेश से आ रहे सभी अतिथियों को मोटे अनाज से बने व्यंजन परोसे जाएंगे जिससे उनका डंका विश्व भर में बजना तय हो गया है । मोटे अनाज का प्रचलन बढ़ने से जनसामान्य सहित किसानों को लाभ मिलने की बड़ी सम्भावना है एक ओर इससे कुपोषण की समस्या से निपटने का नया और सरल मार्ग मिलेगा वहीं दूसरी ओर इससे किसानों की आय दोगुनी होने का मार्ग भी प्रशस्त होगा । यही करण है कि मोटा अनाज वर्ष में एक ओर किसानों को इन अनाजों की खेती करने के लिए जागरूक किया जाएगा और दूसरी ओर लोगों को मोटे अनाज के महत्व से अवगत कराया जाएगा जिससे इनकी खपत बढ़े और किसान इनकी खेती में रूचि दिखाएं। इसके अतिरिक्त मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इस वर्ष मोटे अनाज के समर्थन मूल्यों में भी वृद्धि कर दी है। एक समय था जब भारत की हर थाली में केवल ज्वार, बाजरा, रागी, चीना, कोदो, सांवा, कुटकी, कुट्टू और चौलाई से बने हुए व्यंजन ही हुआ करते थे लेकिन फिर समय बदलता गया और आज स्थिति यह हो गयी है कि लोग इन अनाजों का महत्व तो दूर नाम भी भूल गए हैं। आज के वातावरण में जब घरों में बड़े बुजुर्ग इन अनाजों का नाम लेते हैं या नई पीढ़ी को इनका महत्व बताते हैं तो या तो वो अचरज से सुनती है या नाम सुनते ही मुंह बनाने लगती है। मोटा अनाज वर्ष के माध्यम से नई पीढ़ी के लोग भी इन अनाजों का वैज्ञानिक आधार पर महत्व समझेंगे और स्वीकार करेंगें और जब स्वीकार करेंगे तब वह भी इस इनकी खेती और इनसे बने नये व्यंजनों को बनाकर स्टार्टअप्स व नवाचार भी कर सकेंगे। पिछले कुछ दिनों की चर्चा से ही देश के कई युवा उद्यमियों ने ज्वार, बाजरा सहित अन्य मोटे अनाज से बनने वाले कई तरह के व्यंजनों पर नवाचार आरम्भ भी कर दिया है। ज्वार, बाजरा के आटेसे दोसा बन रहा है, लड्डू बन रहा है और पापड़ भी बन रहे हैं। दिसंबर 2022 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुनियाभर के राजदूतों को मोटे अनाज से बने व्यंजनों की दावत दी, राजधानी दिल्ली में संसद सत्र के दौरान सभी सांसदों को मोटे अनाज से बने व्यंजन परोसे गये और उन्हें मोटा अनाज वर्ष के विषय में अहम जानकारी दी गई।अब मोटे अनाज की दावतों का सिलसिला सम्पूर्ण भारत ही नहीं वरन सम्पूर्ण विश्व में चल रहा है। 2018 में भारत सरकार ने मोटे अनाजों को पोषक अनाज की श्रेणी में रखते हुए इन्हें बढ़ावा देने की शुरूआत की थी तब से सरकार की ओर से उठाये गये कदमों का सकारात्मक प्रभाव अब सामने आने लगा है। वर्तमान समय में 175 स्टार्टअप इस दिशा में काम कर रहे हैं । मार्च 2021 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा भारत की ओर से प्रस्तुत एक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया जिसके अंतर्गत वर्ष 2023 को मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया। मोटा अनाज वर्ष का उद्देश्य बदलती जलवायु परिस्थितियों में मोटे अनाज के पोषण और स्वास्थ्य लाभ और इसकी खेती के लिए उपयुक्तता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।मोटे अनाज में ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, कुटकी, कोदो, सांवा आदि शामिल है। हम सभी को यह भी पता होना चाहिए कि अप्रैल 2016 में संयुक्तराष्ट्र महासभा ने भूख को मिटाने और दुनियाभर में कुपोषण के सभी प्रकारों की रोकथाम की आवश्यकता को मान्यता देते हुए 2016 से 2025 तक पोषण पर संयुक्त राष्ट्र कार्रवाई दशक की भी घोषणा की थी। मोटा अनाज उपभोक्ता, उत्पादक व जलवायु तीनों के लिए अच्छा माना गया है।ये पौष्टिक होने के साथ कम पानी वाली सिंचाई से भी उगाए जा सकते हैं। विशेषज्ञों का मत है कि कुपोषण मुक्त और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिये मोटे अनाज की अहम भूमिका होगी और इसके लिए देशों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। मोटे अनाज को प्रोत्साहन वर्तमान समय की मांग भी है क्योंकि यह अनाज आधुनिक जीवन शैली में बदलाव के कारण सामने आ रही कई बीमारियों व कुपोषण को रोकने में सक्षम है। केंद्र सरकार ने मोटा अनाज वर्ष को सफल बनाने के लिए काफी समय पूर्व से ही तैयारियां प्रारंभ कर दी थीं और अब यह सफलतापूर्वक धरातल पर उतरने को तत्पर हैं।मोटा अनाज वर्ष को सफल बनाने के लिए केंद्र सरकार कई योजनाएं लेकर आई है।राशन प्रणाली के तहत मोटे अनाजों के वितरण पर जोर दिया जा रहा है।आंगनबाड़ी और मध्यान्ह भोजन योजना में भी मोटे अनाजों को शामिल कर लिया गया है।प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रमों में मोटे अनाजों से बने व्यंजनों का उल्लेख करते रहते हैं।सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि अब ह्लमोटा अनाज, खाओ और प्रभु के गुण गाओह्व का नारा खूब चलने वाला है।मोटा आनाज पोषण का सर्वश्रेष्ठ आहार कहा जाता है।मोटे अनाज में 7से12 प्रतिशत प्रोटीन,65 से 75 प्रतिशत काबोर्हाइड्रेट और 15 से 20 प्रतिशत डायटरी फाइबर तथा 5 प्रतिशत तक वसा उपलब्ध रहता है जिसके कारण यह कुपोषण से लड़ने में सक्षम पाया जाता है। मोटे अनाज का आयुर्वेद में भी बहुत महत्व है। भारत में सिंधु घाटी सभ्यता के समय से ही मोटे अनाज की खेती के प्रमाण मिलते हैं तथा विश्व 131 देशों में इनकी खेती होती है । मोटे अनाज के वैश्विक उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत और एशिया में 80 प्रतिशत है। ज्वार के उत्पादन में भारत विश्व में प्रथम स्थान पर है।भारत में ज्वार का सर्वाधिक उत्पादन महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु , आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में होता है। बाजरे के उत्पादन में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक आगे है। मोटा अनाज वर्ष में हम सभी को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए और अपने भोजन में इसको नियमित रूप से स्थान देना चाहिए क्योंकि इसमें कई विषेषतएं होती हैं। पोषण के मामले में यह अनाज अन्य अनाजों गेहूं व धान की तुलना में बहुत आगे हैं। इनकी खेती सस्ती और कम पानी वाली होती है।

# अश्लील वीडियो कॉल्स के चक्रव्यूह का खुलकर करे सामना

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**बहुत** से लोग छेड़खानी और साइबरसेक्स के लिए वेबकैम का उपयोग करते हैं - लेकिन कभी-कभी जिन लोगों से आप ऑनलाइन मिलते हैं वे वे नहीं होते जो वे कहते हैं कि वे हैं। अपराधी नकली पहचान का उपयोग करके पीड़ितों से ऑनलाइन दोस्ती कर सकते हैं और फिर उन्हें अपने वेबकैम के सामने यौन क्रिया करने के लिए राजी कर सकते हैं, अक्सर शिकार को लुभाने के लिए एक आकर्षक महिला का उपयोग करते है। इन महिलाओं को वित्तीय प्रोत्साहन या धमकियों का उपयोग करके इन कार्यों में मजबूर किया गया हो सकता है। ये वेबकैम वीडियो अपराधियों द्वारा रिकॉर्ड किए जाते हैं जो फिर पीड़ितों के दोस्तों और परिवार के साथ छवियों को साझा करने की धमकी देते हैं। इससे पीड़ितों को बेहद शर्मिंदगी और शर्मिंदगी महसूस हो सकती है। पुरुष और महिला दोनों इस अपराध का शिकार हो सकते हैं, या तो उन्हें ब्लैकमेल किया जा सकता है या यौन कृत्यों को करने के लिए मजबूर किया जा सकता है। बेहद आकर्षक महिला के नकली प्रोफाइल पहले से ही बनाए जाते हैं और उन्हें यथार्थवादी दिखने के लिए सावधानीपूर्वक देखभाल की जाती है, यानी प्रोफाइल की लंबी कालक्रम, नियमित अद्यतन, या आकर्षक और यथार्थवादी चित्रों को नियमित रूप से अपलोड करना आदि। इन नकली लेकिन वास्तविक प्रोफाइल से पहचाने गए लक्ष्यों के लिए मित्र अनुरोध भेजे जाते हैं। अनुरोध फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिंडर, डेटिंग या यहां तक कि वैवाहिक साइटों जैसे प्लेटफार्मों में अत्यधिक दोस्ताना और आकर्षक आकर्षक महिलाओं से हैं। इस घिनौने कृत्य के लिए तकनीकी पहलुओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है और भोले-भाले शिकार का विश्वास हासिल करने के लिए 'सोशल इंजीनियरिंग' नामक मनोवैज्ञानिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। सोशल इंजीनियरिंग से तात्पर्य अपराधियों द्वारा धोखे और धोखाधड़ी के माध्यम से पीड़ितों को हेरफेर करने के लिए उपयोग की जाने वाली मनोवैज्ञानिक चाल से है। फिर स्कैमर्स उन्हें यौन लालच के वीडियो कॉल में शामिल होने के लिए लुभाते हैं और प्रेरित करते हैं, आमतौर पर गिरोह की महिला सहयोगियों को भद्दे वीडियो कॉल में लिप्त होने और इनबिल्ट या डाउनलोड किए गए स्क्रीन रिकॉर्डिंग ऐप का उपयोग करके उन्हें रिकॉर्ड करने के लिए प्रेरित किया जाता है। ये रिकॉर्ड की गई कामोत्तेजक क्लिप फिर जबरन वसूली के साधन बन जाते हैं जिससे पीड़िता को अनकहा आघात होता है। भारत में 70 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन (प्रत्येक अपने आप में एक शक्तिशाली कंप्यूटर की तरह काम कर रहे हैं) के साथ, सेक्सटॉर्शन के जाल फैलाने के लिए चारागाह हैं। यह भारतीय समाज में यौन इच्छाओं से जुड़े अत्यधिक पाखंड और कलंक के साथ मिलकर, लोगों को फंसाने के लिए एक अनुकूल प्रजनन स्थल की सुविधा प्रदान करता है। सेक्सटॉर्शन एक दर्दनाक, भयानक और अमानवीय उल्लंघन है जो पीड़ितों की शर्म और सामाजिक स्तर से खेलता है। ऐसे में अपने आप को शिकार बनने से रोकने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप इस बारे में बहुत सावधान रहें कि आप किसके साथ ऑनलाइन मित्रता करते हैं, खासकर यदि आप उनके साथ कुछ भी अंतरंग साझा करने पर विचार कर रहे हैं। घबराएं नहीं, पहला बड़ा कदम यह पहचानना है कि आप इसमें 'पीड़ित' हैं और जो कुछ हुआ है, उसमें आपकी मदद करने के लिए आपको समर्थन की आवश्यकता हो सकती है। ब्लैकमेल के तौर पर पैसे की बजाये उल्टा धमकाना सही उपाय हो सकता है लेकिन अनुभव से पता चलता है कि जहां पीड़ितों ने भुगतान किया है, वहां इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि अपराधी अभी भी रिकॉर्डिंग पोस्ट नहीं करेंगे और वास्तव में आगे की मांगों के साथ वापस आने की अधिक संभावना है। संवाद न रखें, ब्लॉक कर दे क्योंकि इन धमकियों का जवाब देने से यह अपराधियों को संकेत मिलता है कि आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें अपनी फिरौती देने के लिए राजी किया जा सकता है। साथ ही आपके साथ क्या हुआ है इसकी रिपोर्ट करने के लिए आप अपने स्थानीय पुलिस बल (101) से संपर्क कर सकते हैं।

यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है यदि आप इस मुद्दे से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यदि आपकी आयु 18 वर्ष से कम है, तो किसी विश्वसनीय वयस्क से बात करने पर विचार करें और बाल शोषण ऑनलाइन सुरक्षा के माध्यम से अतिरिक्त सहायता भी प्राप्त करे।

## ऐसा हो 2024 का मेरा प्रधानमंत्री!

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर भारत की हर गाथाओं, विकास की गतिविधियों, नवाचार, प्रौद्योगिकी विकास सहित हर क्षेत्र में हो रहे अभूतपूर्व विकास पर नजर रखते हुए अब 2024 में होने वाले आम संसद चुनाव पर लगी हुई है कि, भारत का अगला नेतृत्वकर्ता यही कंटिन्यू में रहेगा या जनता का मूड कुछ अलग है, इसपर पूरी दुनिया सहित संपूर्ण भारत के विशेषज्ञों राजनीतिज्ञों रणनीतिकारों उद्योग जगत से लेकर रेहड़ी पटरी वालों तक और एक अति गरीब से लेकर एक भिक्षक तक का उतावलापन इस प्रश्न को लेकर है, 2024 नें इसीलिए भी जोर पकड़ा है कि प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर इस डिजिटल युग में लगातार पिछले कई दिनों से 2024 का पीएम कौन होगा पर चचाएं, डिबेट चल रही है। विपक्ष में एकजुटता के कयास चलाकर कोई एक व्यक्ति को अगला संभावित पीएम पद के लिए घोषित करने के लिए आपाधापी चल रही है, जिसके कई नाम मीडिया में आ रहे हैंइधरवर्तमान पीएम का अगला संभावित पीएम घोषित होने की निश्चितता शायद सब जानते होंगे। पर अब हम नागरिकों के सामने जो अपेक्षाएं हैं कि ऐसे हो 2024 का मेरा पीएम, उसके लिए हमें अभी से ही गतिविधियों पर नजर रखना प्रारंभ करना होगा क्योंकि हम अगले पूरे पांच साल के लिए अगला पीएम चुनेंगे जो हमारी अपेक्षाओं पर खरा खरा उतर सके।

चूंकि अब मतदाता जागरूक हो चुके हैं इसलिए आज हम चर्चा करेंगे कि पिछले साढे चार वर्षों में हमने निजी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिपेक्ष में क्या पाया क्या खोया इसका विश्लेषण कर भविष्य की इन्हीं तीनों परिपेक्ष्य में हमारी क्या अपेक्षाएं हैं इस पर चर्चा करेंगे।

# दस जनवरी को विश्वास मत हासिल करेंगे नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड

**नवगठित कैबिनेट की संस्तुति पर नौ जनवरी को बुलाया गया संसद का विशेष सत्र**

**काठमांडू।** नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड दस जनवरी को संसद में विश्वास मत प्राप्त करेंगे। नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने नवगठित कैबिनेट की संस्तुति पर नौ जनवरी को संसद का विशेष सत्र आहूत किया है। बीते वर्ष संसदीय चुनावों के बाद नाटकीय घटनाक्रम में पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाल के प्रधानमंत्री पद की कमान संभाली थी। उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त करने के साथ ही राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने उन्हें तीस दिन के भीतर संसद के निचले सदन से विश्वास मत प्राप्त करने का निर्देश दिया था। इसके बाद नेपाल के नवगठित कैबिनेट ने नौ जनवरी से संसद का विशेष सत्र बुलाने की संस्तुति की थी। इसी सत्र में प्रचंड विश्वास मत भी हासिल करेंगे। संसद सचिवालय के प्रवक्ता रोजनाथ पांडेय के मुताबिक विश्वास मत को लेकर



प्रधानमंत्री की ओर से एक पत्र भी संसद में भेजा गया है। 20 नवंबर को हुए चुनावों के बाद पहली बार प्रतिनिधि सभा और नेशनल असेंबली की बैठक होने जा रही है। नए मंत्रिमंडल में तीन उप प्रधानमंत्री हैं। ये तीन उप प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के दल सीपीएन-यूएमएल से विष्णु पौडेल, सीपीएन-माओवादी सेंटर से नारायण काजी श्रेष्ठ और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) से रवि लामिछाने हैं।

पिछले महीने तीसरी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले प्रचंड ने नाटकीय रूप से नेपाली कांग्रेस के साथ हुआ चुनाव पूर्व गठबंधन तोड़ कर विपक्ष के नेता केपी शर्मा ओली से हाथ मिला लिया था। प्रचंड और ओली के बीच बारी-बारी से सरकार का नेतृत्व करने के लिए सहमति बनी है। प्रचंड को पहले प्रधानमंत्री बनाने पर ओली ने अपनी सहमति जताई थी।

# रूस का दावा- यूक्रेनी रॉकेट हमले में हमारे 63 सैनिक मारे गए

**मास्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के रॉकेट हमले में उसके 63 सैनिक मारे गए हैं। रूस के नियंत्रण वाले दोनेत्स्क क्षेत्र में उस जगह रॉकेट हमला हुआ, जहां रूसी सैनिक तैनात थे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन की ओर से हिमार्स प्रक्षेपण प्रणाली द्वारा छह रॉकेट दागे गए, जिनमें से दो को रूसी बलों ने नष्ट कर दिया। रूस भी यूक्रेन पर मिसाइलों से जवाब दे रहा है। जानकारी के मुताबिक अमेरिका द्वारा आपूर्ति की गई इस प्रणाली का उपयोग करते हुए हमले कर यूक्रेनी बल प्रमुख लक्ष्यों को निशाना बनाने में सफल हो रहे हैं, जिसे रूस के लिए नया झटका माना जा रहा है। वहीं रूस ने मिसाइल हमले जारी रखते हुए यूक्रेन के कई इलाकों को निशाना बनाने के लिए बीती रात



कई ड्रोन भेजे। यूक्रेनी अधिकारियों ने दावा किया कि कई हमलावर ड्रोन को मार गिराया गया है। इन ड्रोन हमलों के साथ ही क्रेमलिन ने नागरिक बुनियादी ढांचे को लक्षित करने और अपने आक्रमण के लिए यूक्रेनी प्रतिरोध को कम करने के उद्देश्य से बमबारी का उपयोग करने की अपनी रणनीति में कोई कमी नहीं होने का संकेत दिया। ड्रोन हमलों की यह बौछार साल के अंत में लगातार होने वाले हमलों की श्रृंखला में नवीनतम थी। इससे पहले नए साल की पूर्व संध्या पर हमलों में तीन नागरिकों की मौत हो गई थी। कीव के मेयर विटाली क्लिट्सको ने सुबह कहा कि वायु रक्षा बलों के अनुसार, 40 विस्फोटक ड्रोन रात में कीव की ओर बढ़े और उन सभी को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि कीव में 22, बाहरी कीव क्षेत्र में तीन और पड़ोसी प्रांतों में 15 ड्रोन नष्ट किए गए।रूस अक्टूबर से लगभग साप्ताहिक रूप से यूक्रेनी बिजली और पानी की आपूर्ति पर हवाई हमले किए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस पर ऊर्जा आतंकवाद का आरोप लगाया है क्योंकि हवाई बमबारी ने ठंड के मौसम में ऊर्जा आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है। रूसी सेना द्वारा दागे गए ड्रोन, मिसाइल और तोप के गोले भी यूक्रेन के कई इलाकों में गिरे।

# यूरोप में बुरा हाल, जनवरी में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, नए साल में दर्ज किए गए सबसे गर्म दिन

**डेनमार्क।** इसे जलवायु परिवर्तन का असर मानें या यूक्रेन जंग की गर्मी कि समूचे यूरोप में कड़ाके की ठंड के दिनों में रिकॉर्डतोड़ गर्मी पड़ रही है। जनवरी के पहले दो दिन जबर्दस्त गर्म रहे। नए साल के पहले दो दिन सबसे गर्म दिन के रूप में दर्ज किए गए। यूरोप के कम से कम आठ देशों में ऐसे हालात देखे गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पोलैंड, डेनमार्क, चेक गणराज्य, नीदरलैंड, बेलारूस, लिथुआनिया और लातविया में जनवरी का अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। यूरोप के मौसमविदों ने 'द गार्जियन' को बताया कि पिछले कुछ दिनों में पूरे यूरोप में मौसम का रिकॉर्ड हैरान करने वाले ढंग से टूट रहा है। तापमान पर नजर रखने वाले मौसम वैज्ञानिक मैक्सिमिलियानो हेरेरा के अनुसार पोलैंड के कोरबिएलोव गांव में तापमान 19 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह मई में यहां रहने वाले तापमान से अधिक है। तापमान जनवरी के औसत 1 डिग्री तापमान से यह 18 डिग्री ज्यादा है।

इसी तरह चेक गणराज्य के जवोर्निक में पारा 19.6 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ गया, जबकि इन दिनों में यह औसत 3 डिग्री सेल्सियस रहता है। बेलारूस में जनवरी में तापमान शून्य डिग्री के आसपास रहता है, जो नव वर्ष 2023 के पहले दिन रविवार को 16.4 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा। इसने देश के जनवरी के पिछले रिकॉर्ड 4.5 डिग्री सेल्सियस को तोड़ दिया। जर्मनी, उत्तरी स्पेन और फ्रांस के दक्षिण में भी जनवरी में भी रिकॉर्डतोड़ गर्मी पड़ रही है। नॉर्वे, ब्रिटेन, आयरलैंड, इटली और दक्षिण-पूर्व भूमध्यसागरीय देशों में ऐसा कोई रिकॉर्ड टूटा या नहीं बना है।

मौसमविद हेरेरा के अनुसार इसे यूरोपीय इतिहास की सबसे प्रचंड गर्मी माना जा सकता है। एक अन्य मौसमविद एलेक्स बर्किल ने भी हेरेरा के दावे का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि यूरोप के बड़े हिस्से में जबर्दस्त गर्मी पड़ रही है, जो अब तक की अनसुनी है।

एक अन्य यूरोपीय मौसम वैज्ञानिक स्कॉट डंकन के अनुसार यूरोप का यह तापमान चौंकाने वाला है। पिछले साल भी बहुत गर्म नया साल था, लेकिन इस बार यह रिकॉर्ड तोड़ रहा है। हालांकि, इसका कोई खास कारण पता लगाना मुश्किल है, लेकिन ला नीना और गर्म समुद्री सतहों की इसमें भूमिका है। जलवायु परिवर्तन पर नजर रखने वाले प्रोफेसर बिल मैकगायर ने कहा कि गर्मी के हालात बदतर होने का पूर्वानुमान था। सबसे चिंताजनक बात यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तेजी बढ़ रही है। यह भविष्य की एक छोटी सी झलक है, जो सर्दियों को कुछ महीनों के सूखे, नम और हल्के मौसम में परिवर्तित कर देगी। इनमें ठंड, बर्फ या बर्फीले रास्ते बहुत कम दिखाई देंगे।

## दक्षिण कोरिया के साथ साझा परमाणु अभ्यास नहीं करेगा अमेरिका: बाइडन

**वाशिंगटन।** उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने साफ किया है कि फिलहाल उनका देश दक्षिण कोरिया के साथ साझा परमाणु अभ्यास नहीं करेगा। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने पड़ोसी देश के तानाशाह शासक किम जोंग उन की ओर से बढ़ते खतरे को देखते हुए साझा अभ्यास की पेशकश की थी।



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अमेरिका, दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त परमाणु अभ्यास पर चर्चा नहीं कर रहा है। दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त परमाणु अभ्यास पर चर्चा करने से जुड़े सवाल पर बाइडन ने कहा- नहीं। बाइडन नव वर्ष की छुट्टियां मनाकर सोमवार रात व्हाइट हाउस पहुंचे हैं। बाइडन ने यह जवाब देकर अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष यून सुक येओल के प्रस्ताव को एक प्रकार से खारिज कर दिया।

इससे पहले दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने कहा था कि परमाणु हथियार अमेरिका के हैं, लेकिन इनसे संबंधित योजना, सूचनाएं साझा करना, साझा अभ्यास, प्रशिक्षण आदि के बारे में फैसला दोनों देशों को मिलकर करना चाहिए। उधर, प्योंगयांग से सूचना है कि उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने देश के दूसरे सबसे ताकतवर सैन्य अधिकारी पाक जोंग चोन का पद से हटा दिया। किम जोंग ने यह फैसला क्यों लिया, यह नहीं बताया गया है।

# रूस ने ईरान निर्मित ड्रोन के साथ लंबे समय तक हमले की योजना बनाई : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस उसके देश पर ईरान निर्मित ड्रोन के साथ लंबे समय तक हमले की योजना बना रहा है। उक्रेइंस्का प्राव्दा की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने रात्रिकालीन वीडियो संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि 2023 की शुरुआत से यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने 80 से अधिक रूसी ड्रोन को मार गिराया है। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष की शुरुआत के बाद से केवल दो दिन बीत चुके हैं, और यूक्रेन के ऊपर मार गिराए गए ईरानी ड्रोनों की संख्या अब 80 से अधिक है। निकट भविष्य में यह संख्या बढ़ सकती है।

उन्होंने कहा, हमारे पास जानकारी है कि रूस शाहद ड्रोन के साथ एक लंबे हमले की



योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि रूसी शासन को ऐसी भावनाओं की आवश्यकता है जो लामबंदी के उच्च समर्थन की ओर ले जाए। कुछ ऐसा जो वे आगे झूठ बोलने के लिए अपने देश को प्रदर्शित कर सकें, जैसे कि सब कुछ योजना के अनुसार चल रहा हो। इस बीच यूक्रेन पर रूसी ड्रोन हमले हाल के दिनों में बढ़ गए हैं, मास्को ने पिछली तीन रातों में देश भर के शहरों और बिजली स्टेशनों पर हमले शुरू किए हैं। लगातार रूसी हमले यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे ने बिजली स्टेशनों को नष्ट कर दिया है और देश की जमा देने वाली सर्दी के बीच लाखों लोगों को अंधेरे में डुबो दिया है। रिपोर्ट के अनुसार जेलेंस्की की यह टिप्पणी यूक्रेन द्वारा डोनेट्स्क के कब्जे वाले क्षेत्र में हमले की पुष्टि किए जाने के घंटों बाद आई है, जिसमें सैकड़ों रूसी सैनिक मारे गए थे।

रूस ने कहा कि हमले में उसके 63 सैनिक मारे गए। पिछले साल 24 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से मास्को द्वारा स्वीकार की गई सबसे अधिक मौतें हैं।

## जयशंकर ने चेक, स्लोवाक, ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्रियों से की पारस्परिक हितों पर की चर्चा



**वियना।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चेक गणराज्य, स्लोवाक गणराज्य और ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्रियों के साथ पारस्परिक हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने ट्वीट किया है- ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री एलेक्जेंडर शालेनबर्ग, चेक गणराज्य के विदेश मंत्री जे. लिपावस्की और स्लोवाक गणराज्य के विदेश मंत्री रास्तिस्लाव कासर के साथ बैठक काफी उपयोगी रही। भारत-यूरोपीय संघ संबंधों, पड़ोस, हिंद-प्रशांत और रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की।

## एनडीटीवी के ओपन ऑफर शेयरों के लिए 48 .65 रुपये अतिरिक्त भुगतान करेगा अडाणी समूह

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह मीडिया कंपनी नई दिल्ली टेलीविजन (एनडीटीवी) के ओपन ऑफर के तहत खरीदे गए शेयरों के लिए भी 48.65 रुपये प्रति शेयर अतिरिक्त मूल्य का भुगतान करेगा। अडाणी इंटरप्राइजेज ने शेयर बाजार को रेग्युलेटरी फाइलिंग में यह जानकारी दी है। अडाणी समूह ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि एनडीटीवी के प्रमोटर रहे प्रणय रॉय और राधिका रॉय से 342.65 रुपये प्रति शेयर के भाव पर शेयर खरीदे गए हैं, जो 294 रुपये के ओपन ऑफर प्राइस से अधिक हैं। इसलिए कंपनी ने ओपेन ऑफर में एनडीटीवी के शेयर बेचने वालों को 48.65 रुपये प्रति शेयर का अतिरिक्त भुगतान करने का फैसला किया है, ताकि उन्हें भी 342.65 रुपये प्रति शेयर का दाम दिया जा सके। अडाणी समूह की कंपनी अडानी इंटरप्राइजेज ने पिछले हफ्ते एनडीटीवी का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने 22 नवंबर से लेकर 5 दिसंबर, 2022 तक एनडीटीवी में 26 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए ओपन ऑफर लॉन्च किया था। बाजार भाव से कम रेट मिलने के बावजूद निवेशकों ने अडाणी समूह को 53 लाख शेयर्स ओपन ऑफर बेचने को लेकर अपनी रुचि दिखाई थी।

## इंडियन बैंक ने एमसीएलआर दर 0 .25 फीसदी तक बढ़ाई, नई दरें लागू

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने लोन पर ब्याज दरों में इजाफा किया है। इंडियन बैंक ने विभिन्न अवधि के कर्ज के लिए कोष की सीमान्त लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) में 0.25 फीसदी तक की बढ़ोतरी की है। इंडियन बैंक के एमसीएलआर में इस बढ़ोतरी से लोन की ईएमआई दर बढ़ जाएगी। नई दरें मंगलवार से लागू हो गई हैं। इंडियन बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि विभिन्न अवधि के कर्ज के लिए एमसीएलआर में 0.25 फीसदी तक की वृद्धि की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद इंडियन बैंक की एक दिन की एमसीएलआर दर 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद 7.75 फीसदी हो गई है। एक महीने से लेकर छह महीने की अवधि के एमसीएलआर दर में 0.20 फीसदी की वृद्धि की गई है, जो बढ़कर 7.70 हो गई है।

बैंक ने इसी तरह एक साल की अवधि के लिए मानक एमसीएलआर दर में 0.10 फीसदी का इजाफा किया है, जो 8.20 फीसदी से बढ़कर अब 8.30 फीसदी हो गया है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# अफगानिस्तान में लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन

**वाशिंगटन।** अफगानिस्तान में तालिबान हुकूमत की ओर से हाल में लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध लगाने के फैसले के विरोध में यहां रह रहे अफगानिस्तान के लोगों ने बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया। इन लोगों ने तालिबान सरकार की इस नीति के खिलाफ लड़ने का संकल्प किया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व करते हुए अफगान कल्चरल सोसायटी की प्रतिनिधि कैलिफोर्निया की रेयान यासीनी ने व्हाइट हाउस के सामने कहा- हम यहां लड़कियों की शिक्षा के अधिकार के लिए आवाज उठाने के लिए आए हैं। जब से तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया है तब से लड़कियों के पास पढ़ने का अधिकार नहीं है। हम यहां यह सुनिश्चित करने आए हैं कि ऐसा नहीं हो। अफगान सोसायटी के अध्यक्ष




नासिर खान ने तालिबान सरकार से देश में लड़कियों की शिक्षा पर लगाए गए प्रतिबंध को वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तानी लड़कियों को उनका अधिकार मिलना चाहिए। प्रदर्शनकारी हिकमत सोरोश ने कहा कि पूरी दुनिया तालिबानी फरमान को देख रही है। संयुक्त राष्ट्र को दखल देना चाहिए।

# भारत-अमेरिका के रिश्ते 21वीं सदी को परिभाषित कर सकते हैं : रो खन्ना

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी को परिभाषित कर सकते हैं। सांसद खन्ना ने द न्यूयॉर्क टाइम्स के एक लेख का जिक्र करते हुए यह बात कही। दरअसल लेख में कहा गया है कि यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया भारत के उदय को देखेगी। इस पर खन्ना ने ट्वीट किया- अमेरिका और भारत के संबंध 21वीं सदी को परिभाषित कर सकते हैं। खन्ना ने कहा कि प्रमुख अमेरिकी अखबार ने भारत के बढ़ते आत्मविश्वास और विरोधाभासों के बारे में काफी खूबसूरती से लिखा है। सांसद ने कहा कि लेख का उपसंहार इस उम्मीद को रेखांकित करते हुए किया गया है कि महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू ने जिस बहुलवाद की कामना की थी वह



अक्षुण्ण रहे। उल्लेखनीय है 13 सितंबर 1976 को पेंसिलवेनिया के फिलाडेल्फिया में जन्मे रो का असल नाम रोहित खन्ना है। उनके माता-पिता पंजाब से अमेरिका जाकर बस गए थे। रो के पिता केमिकल इंजीनियर थे और आईआईटी से पासआउट रहे और फिर मिशिगन की यूनिवर्सिटी तक पहुंचे। उनकी मां स्कूल टीचर रही हैं। रो के नाना ने भारत की आजादी में बड़ी भूमिका अदा की और लाला लाजपत राय के साथ काम किया था। रो खन्ना ने 1998 में शिकागो यूनिवर्सिटी से इकोनॉमिक्स में बैचलर डिग्री हासिल की है। इस लेख में भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर की टिप्पणी का जिक्र किया गया है जिसमें उन्होंने कहा कि विश्व व्यवस्था अभी भी बहुत कुछ पश्चिम की ओर झुकी हुई है। लेख में कहा गया कि रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद से भारत ने रूसी आक्रमण की निंदा करने के अमेरिकी और यूरोपीय दबाव को संयुक्त राष्ट्र में खारिज कर दिया।

# ऑस्ट्रेलियाई समुद्र तट के ऊपर हवा में टकराए दो हेलीकॉप्टर, चार की मौत

**ब्रिस्बेन।** आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में दो हेलीकॉप्टरों के बीच टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और अन्य तीन लोग घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर है। सीएनएन ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना ब्रिस्बेन के दक्षिणी भाग में स्थित समुद्र तट के ऊपर घटी है। क्वींसलैंड के पुलिस निरीक्षक गैरी वॉरेल के अनुसार दोनों हेलीकॉप्टर उस समय आपस में टकरा गए, जब वे गोल्ड कोस्ट के मेनबीच के ऊपर से गुजर रहे थे।

श्री वॉरेल ने संवाददाताओं से कहा, दोनों हेलीकॉप्टर आपस में टकराये थे और सी वर्ल्ड रिजॉर्ट में रेतीले तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाओं के लिए तट से बहुत दूर स्थित सैंड बैंक तक पहुंचना



मुश्किल था। क्वींसलैंड एम्बुलेंस सर्विस के जेनी शियरमैन के अनुसार दोनों हेलीकॉप्टरों में 13 लोग सवार थे। उनमें से चार लोगों की मौत हो गई, तीन को गंभीर चोटें आईं और छह को मामूली चोटें आईं। सुश्री शियरमैन ने कहा कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है। साइट की तस्वीरों में रेत की एक पट्टी पर मलबा पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है, जिसमें जमीन पर कर्मचारी और आसपास के पानी में कई जहाज हैं। पुलिस निरीक्षक वॉरेल ने कहा कि हालांकि दुर्घटना के सटीक कारण का पता लगाना जल्दबाजी होगी, शुरुआती पूछताछ से पता चलता है कि जब वे टकराए तो एक हेलीकॉप्टर उड़ान भर रहा था और दूसरा उतर रहा था। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद आस-पास की पुलिस और लोगों ने हेलीकॉप्टर के अंदर मौजूद लोगों को निकालने और प्राथमिक उपचार देने में सहायता की। ऑस्ट्रेलियाई परिवहन सुरक्षा ब्यूरो (एटीएसबी) के मुख्य आयुक्त एंगस मिशेल ने एक बयान में कहा कि टक्कर की जांच शुरू कर दी गई है।

## भयंकर तूफान से प्रभावित सैन फ्रांसिस्को, एक व्यक्ति की मौत



**सैन फ्रांसिस्को।** सैन फ्रांसिस्को के खाड़ी क्षेत्र में आए भयंकर तूफान में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने पैसिफिक गैस एंड इलेक्ट्रिक कंपनी के हवाले से कहा कि तूफान से आई बाढ़ के कारण इलाके की कई सड़कें बंद रहीं, वहीं बिजली भी बाधित रही, जिसके चलते लगभग 15,000 खाड़ी क्षेत्र के लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा। वीकेंड के तूफान ने सैन फ्रांसिस्को के एक दिवसीय बारिश ने लगभग सभी रिकॉर्ड दिए, जो 1994 में निर्धारित 5.54 इंच के अब तक के निशान से केवल 8 इंच कम है। नेशनल वेदर सर्विस ने रिपोर्ट किया कि रिकॉर्ड रखने के 170 से अधिक वर्षों में यह दूसरा सबसे नम दिन है। भयंकर तूफान के चलते हुई बारिश से सड़कें बंद हो गई हैं। सड़कों पर कीचड़ जम गए और बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है।